ये जो रिलीफ दी जा रही है—पन्द्रह सौ और तीन हजार रुपये की—यह साधारण समय में भी दी जाती है जब कि मामूली क्षति होती है। लेकिन इतनी भारी क्षति में भी वही मापदण्ड रखा गया है। जैसा मेरे पूर्व वक्ता ने कहा कि जिसका कमाने वाला मर गया उसको एक हजार रुपया दिया जाए, यह बिल्कुल उपहासास्पद बात है।

अध्यक्ष महोदय, मैं केन्द्र की सरकार से जानना चाहता हूं कि क्या वह वहां रेस्क्यु आप्रेशन करने के लिए युद्धस्तर पर काम करेगी और अधिक हेलीकोप्टर सेवा में लगायेगी ? वहां कम से कम 20–25 हेलीकोपटर्स लगाये जाने चाहिए थे। जब वहां हेलीकोपटर्स निरीक्षण करेंगे तभी पता चलेगा कि कितना और कहां कहां विनाश हुआ है।

तीसरी बात यह है कि वहां कम्युनिकेशन का कोई साधन नहीं है। तिब्बत सीमा पर है। वहां चीन की इन्टेलिजेंस है। मैं उस क्षेत्र में घूमा हूं। तिब्बत की तरफ से, वहां बहुत प्रोपेगण्डा होता है। आज जब वहां ऐसी स्थिति उत्पन्न हो गयी है। अगर वहां के लोगों की यथोचित मदद नहीं करते हैं तो उनके द्वारा प्रोपेगण्डा और भी अधिक होगा। इसलिए मैं मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि क्या उस क्षेत्र को सारे साल एक्सेसिबल बनाने के लिए पग उठायेंगे ?

उस क्षेत्र में तीन दर्रे हैं—एक रोहतांग, दूसरा साची, तीसरा कुंजरम। अगर इन पासिज के नीचे से एक एक टनल बना दी जाए जिन पर कि कुछ करोड़ रुपया लगेगा, तो यह एरिया सारे साल के लिए ओपन हो सकता है। क्या इस एरिये को एक्सेसिबल बनाने के लिए उन पासिज में से सरकार टनलें बनायेगी ?

मंत्री जी ने कहा कि हिमाचल प्रदेश सरकार ने सहायता की कोई मांग नहीं की है। लेकिन हम भी जनता के प्रतिनिधि हैं। मैंने प्रधान मंत्री जी को, डिफेंस मिनिस्टर साहब को पत्र लिखे हैं और निवेदन किया है कि इस क्षेत्र को जल्दी से जल्दी सहायता दी जाए। इस क्षेत्र में इतनी भारी क्षति को एक सप्ताह हो गया है। अगर हिमाचल प्रदेश सरकार ने मांग नहीं की परन्तु हम ने तो मांग की है। हम भी तो उसी जगह के प्रतिनिधि हैं। हमारी मांग पर सरकार ने क्या एक्शन लिया यह भी मैं सरकार से आपके जरिये जानना चाहता हूं ?

श्री सुरजीत सिंह बरनाला : मुझे माननीय सदस्य के साथ पूरी हमदर्दी है। जहां यह सब कुछ हुआ है, वह उनका क्षेत्र है। वहां पहाड़ियां कुछ इस किस्म की हैं कि बहुत ही बुलन्द, बहुत ही सीधी, स्टीप, जिनकी वजह से वहां बर्फ़ नहीं टिकती है, वह जाती है और एवेलांच आता है। वह एवेलांच प्रोन एरिया है। जहां यह सब हुआ है। यहां रास्ता बन्द रहता है। बहुत ऊंचे पासिस हैं। पंद्रह हजार और साढ़े चौदह हजार फुट के करीब उनकी ऊंचाई है। रोहतांग का जो पास है वह सब से छोटा है और दूसरे उससे भी ऊंचे हैं। वहां बरफ पड़ती है तो बहुत ज्यादा तादाद में. पड़ जाती है, बहुत ज्यादा बरफ पड़ जाती है। मनाली में इस बार पहले दो महीने में 25 सेंटीमीटर पड़ी थी लेकिन मार्च के पहले एक हफ्ते में 27 सैंटीमीटर बरफ मनाली में पड़ गई है। पासिस में कोई भी बन्दोगस्त कर दिया जाए वह इस कारण से रुक जाएगा। टनल बहुत नीचे से नहीं बन सकती है क्योंकि दूसरी तरफ का लाहौल का इलाका ऊंचा है, उसका प्लेट जो है वह ऊंचाई पर है। नीचे से सात आठ फुट से टनल ऊपर जाएगी तो शायद टनल न बन सके। लेकिन उसका मुझे ठीक तपा नहीं है। इसका भी मुझे पता नहीं है कि कोई टनल बनाने का यत्न किया गया है या कोई स्कीम बनी है या नहीं इस वास्ते इसके बारे में मैं ज्यादा कुछ नहीं कह सकता हूं।

आपने कहा है कि हैलीकोप्टर तीन भेजे गए हैं ज्यादा नहीं। उसका मैंने जिक्र भी किया है। वहां एक ही हैलीपैड है केलांग के नजदीक जो बरफ के कारण ढक गया है। मेरी इत्तिला यह है कि शायद दुपहर तक वह साफ हो जाएगा। उसके बाद रिलीफ टीम्ज भेज दी जाएगी जो तैयार खड़ी हैं। जैसे ही वह साफ़ हो जाएगा और हैलीकोप्टर वहां उत्तर सकेंगे चन्डीगढ़ से जहां रिलीफ का इंतजाम किया गया है एक दम से भेजना शुरू कर दिया जाएगा। बहुत ज्यादा तादाद में हैलीकाप्टर वहां भेजने की जरूरत नहीं है। जरूरत इस बात की है कि बहुत सी सार्टीज हों। दो हैलीकोप्टर लिए गए वे पांच छः बार एक दिन में आ जा सकेंगे और सामान वगैरह और आदमी वगैरह ले जा सेकें तो उससे बहुत सा रिलीफ आप्रेशन किया जा सकता है। कोशिश की जा रही है कि हैलीपैड के साफ होते ही तमाम रिलीफ वर्क चण्डीगढ़ से शुरू हो जाए। एक मंत्री वहां बैठे हुए हैं जिन की वजह से वहां थोड़े बहुत काम को आर्गनाइज किया गया है और अनाज वगैरह वहां बांटा जा रहा है। जरूरत होगी किसी तरह के अनाज की या कुकड फूड की तो वह भी एक दम से भेज दिया जाएगा। उसके लिए हम कांटैक्ट किए हुए हैं और संपर्क किये हुये हैं और किसी किस्म की दिक्त आएगी तो हम उसको दूर करने की कोशिश करेंगे।

श्री गंगा सिंह : मंत्री महोदय ने कहा है कि वहां एक ही हैलीपैड है उस सारे एरिया में जो प्रभावित

[श्री गंगा सिंह]

हुआ है। पांगी तहसील में किलार नाम की जो जगह है जहां आदमी मरे हैं वहां हैलीपैड है, कल्पा में भी हैलीपैड है। इस तरह से तीन हैलीपैड हैं। एक स्थान प्रभावित नहीं हुआ है, सारा क्षेत्र प्रभावित हुआ है। सरकार करना चाहे तो और ज्यादा हैलीकाप्टर्ज का इस्तेमाल कर सकती है।

श्री सुरजीत सिंह बरनाला : मेरा खयाल है कि इस सारे एरिया में कुछ और ज्यादा हैलीपैड होने चाहियें। ऐसा नहीं होना चाहिये कि लैंड स्लाइड वगैरह हो जाए और नुक्सान पहुंचे। मुझे उस सारे एरिया की टोपोग्राफी का पता नहीं है। मैं खुद गया नहीं हूं। लेकिन कुछ और ज्यादा होने चाहियें क्योंकि वह एरिया इनएक्सैसीबल है और वहां हैलीकाप्टर्ज के जरिये ही पहुंचा जा सकता है।

---

12. 24 hrs.

COMMITTEE ON PUBLIC UNDERTAKINGS

SEVENTEENTH REPORT

SHRI JYOTIRMOY BOSU (Diamond Harbour): I beg to present the Seventeenth Report of the Committee on Public Undertakings (1978-79) on Action Taken by Government on the recommendations contained in the Fourth Report of the Committee on Public Undertakings (Sixth Lok Sabha) on Extraordinarily High Expenditure on Publicity by Public Undertakings.

COMMITTEE ON PRIVATE MEMBERS' BILLS AND RESOLUTIONS

TWENTY-NINTH REPORT

SHRI VINODBHAI B. SHETH (Jamnagar): I beg to present the Twenty-ninth Report of the Committee on Private Members' Bills and Resolutions.

CONSTITUTION (FORTY-NINTH AMENDMENT) BILL*

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FINANCE (SHRI SATISH AGARWAL): On behalf of the Minister of Finance, I beg to move for leave to introduce a Bill further to amend the Constitution of India.

MR. SPEAKER: The question is:

"That leave be granted to introduce a Bill further to amend the Constitution of India."

The motion was adopted.

SHRI SATISH AGARWAL: I introduce† the Bill.

12.25 hrs.

MATTERS UNDER RULE 377

(i) REPORTED DIFFICULTIES FACED BY PADDY GROWERS OF ANDHRA PRADESH

SHRI K. SURYANARAYANA (Eluru): Mr. Speaker, Sir, I want to raise the following urgent matter under rule 377.

I want to draw the attention of the Government of India through this august House to the difficulties being faced by the paddy growers in Andhra Pradesh in regard to the purchase of their produce by the Food Corporation of India. The farmers are on the verge of ruin, unable to find markets for the produce raised with their sweat and blood.

Though the paddy purchasing centres were opened by Food Corporation of India in Andhra Pradesh, the purchase of paddy is very slow and it is neither beneficial to the farmers nor to

---

*Published in Gazette of India Extraordinary, Part II, Section 2, dated 15-3-79.

†Introduced with the recommendation of the President.

the consumers but only the middlemen are benefited. The FCI centres are creating many more problems to the farmers while purchasing paddy from them. Mere fixation of socalled support prices for various paddy crops is not enough. It is most important to ensure that the prices so fixed are paid to the farmers.

The Centre has not properly considered the fixation of paddy price in comparison with other commodities. Every year, both at the official level meetings called oy Agricultural Prices Commission and at the Chief Ministers' Conference convened by the Ministry of Agriculture, the Government of India, the Government of Andhra Pradesh have been pressing for realistic support and procurement price for paddy, commensurate with the cost of cultivation. The cost of production of paddy during 1978-79 on an average worked out to Rs. 115.09 paise per quintal. However, even after the persistent efforts of the State Government, the Government of India increased the price of paddy only marginally i.e. by Rs. 8 per quintal for the crop year 1978-79.

Though there is general discontent among the paddy growers over the low support price of paddy as against the increasing cost of cultivation, particularly, the price of agricultural inputs, like, chemical fertilisers, the paddy growers have not raised their voice against Government policies.

I am very unhappy to bring to the notice of the Government that corruption, red-tapism and malpractices are widely prevailing in FCI purchasing centres. Unless the quality Inspectors of Food Corporation of India are pampered, paddy is not being purchased. During my visit last week to the villages of West Godavari district in Andhra Pradesh, I learnt that the FCI officers are asking the farmers to bring new empty gunny bags themselves to procure the paddy even before fixing the price. I am unable to understand why the FCI is demanding gunny bags to be brought by the farmers. Samples of paddy are being examined at the centre and their quality is under-estimated. The farmer is quite unaware of these technicalities. Further, I am afraid, when the stocks are moved to the Government purchasing centres to the Government by the farmers and on some plea or the other, they are being rejected.

I want to bring one more specific instance which had happened in my constituency, Eluru, in Andhra Pradesh. In the villages of Eluru taluk some moneyed middlemen bought paddy from the small ryots at very low prices and sold them to the local FCI purchasing centres at Government fixed rates by mutual understanding with the FCI officials. It is learnt that within a period of one month in this season, a few middlemen earned lakhs of rupees with the connivance of the corrupt officials of the FCI. This corruption is prevalent in the entire coastal region of Andhra Pradesh.

In these circumstances, I appeal to the Government of India to make some arrangements immediately to put an end to these malpractices in the purchase and procurement of paddy. The Centre should also release substantial funds to the Government of Andhra Pradesh and arrange to open more purchasing centres by Food Corporation of India.

(ii) REPORTED DEATHS AND HEAVY LOSSES CAUSED BY HAILSTORMS IN CERTAIN STATES.

श्री राघव जी (विदिशा) : अध्यक्ष महोदय विगत दिनों देश के अनेक भागों में असमय भारी ओलावृष्टि हुई है । फलस्वरूप खड़ी फसलों को भारी क्षति हुई है जो करोड़ों रुपयों की है । हजारों छोटे छोटे मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं । ग्रामीण क्षेत्र में अनेक परिवार इस ओलावृष्टि से बरबाद हो गये हैं । उन क्षेत्रों में ग्रामीण मजदूर भयंकर बेरोजगारी के संकट में फंस गये हैं । उनके भूखों मरने की नौबत आ गई है । यह तबाही मध्य प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश आदि प्रदेशों में हुई है ।

अकेले मध्य प्रदेश में इस ओलावृष्टि से 3939 ग्राम प्रभावित हुए हैं जहां दो लाख हैक्टर से अधिक

[श्री राघवजी]

की फसल पर ओले बरसे हैं । उसमें चार मनुष्य तथा 140 मवेशी मारे गये है, 7176 मकान गिर गये है। राज्य के 32 जिले इस ओलावृष्टि की चपेट में आ गये हैं ।

क्षतिग्रस्त क्षेत्रों में तत्काल राहत पहुंचाने की आवश्यकता है । प्राकृतिक विपदाओं जैसे बाढ़, अकाल साईक्लोन आदि के समय केन्द्र सरकार ने सदैव विपदाग्रस्त क्षेत्रों को तत्काल राहत पहुंचाई है । किन्तु खेद का विषय है कि इस महान विपदा के समय में केन्द्र सरकार अभी तक मौन है । राज्य सरकारें साधनों के अभाव में पर्याप्त सहायता करने में सक्षम नही है । किसानों की वर्ष भर की मेहनत, पूंजी स्वाहा हो गई है और वह भी उस समय जब कि फसल पक कर तैयार खड़ी थी ।

केन्द्र सरकार का यह दायित्व है कि वह तत्काल राज्य सरकारों के माध्यम से ओलाग्रस्त परिवारों को राहत पहुंचाने का प्रबन्ध करे एवं भविष्य में ओलावृष्टि की तबाही से बचने के लिये तेजी से अनुसंधान कार्य प्रारम्भ करे । मैं मंत्री महोदय से निवेदन करता हूं कि वह इस पर अपना वक्तव्य देने की कृपा करें ।

(iii) CLOSURE OF J. K. MANUFACTURERS LTD. KANPUR.

श्री योगेश तिरकी (अलीपुरद्वार) : अध्यक्ष महोदय, मैं नियम 377 के अधीन यह विषय इस सदन में उठाना चाहता हूं कि जे० के० मैन्युफैक्चरर्स लि० कानपुर 1 अक्तूबर, 1976 से बन्द है । 2500 श्रमिक भुखमरी के शिकार हैं, 40 अनाहार व दवा के अभाव में मर चुके हैं । मैनेजमैंट से मिल इंडस्ट्रीयल डैवलपमैंट (रैगुलेशन) एक्ट के अन्तर्गत लेकर चलाने के माननीय उद्योग मंत्री जार्ज फर्नान्डीस के दर्जनों बार के वायदों को मजाक बनाकर मशीनें बेच डाली गई हैं । मशीन खरीद करने वाली बम्बई की एक कंपनी पुलिस की संगीनों के साये में मशीनें खोद कर निकालने की जी तोड़ कोशिश कर रही है । मजदूरों व सरकार का करोड़ों रुपया, वेतन ग्रैच्युटी, बोनस, छुट्टी और टैक्स का कम्पनी पर बकाया है । मशीनें निकल जाने से मिल के अधिग्रहण की योजना खटाई में पड़ जायेगी और मजदूरों और सरकार का बकाया भी नही मिलेगा । गेट पर मजदूरों के कड़े प्रतिरोध से स्थिति विस्फोटक है और किसी भी समय गोली कांड होकर स्वदेशी गोली कांड की पुनरावृत्ति हो सकती है । मैं माननीय उद्योग मंत्री का ध्यान आकर्षित करता हूं कि इस सम्बन्ध में वक्तव्य दें ।

(iv) REPORTED HUNTING OF MCQUEEN BUSTARD IN SAURASHTRA (GUJARAT).

SHRI HARI VISHNU KAMATH (Hoshangabad): Mr. Speaker, by your leave, Sir, I proceed, under rule 377, to make a statement on the following matter of urgent public importance:—

Close on the heels of the alleged hunting of the great Indian Bustard in Rajasthan by some foreigners, comes the report of hunting and killing of the McQueen bustard, a protected species of bird, in Saurashtra (Gujarat) by a foreigner. This is an atrocious depredation by foreigners who seem to look upon our country as a happy hunting ground in more ways than one. The governmental and administrative supervision seems to be grossly lax and needs tightening up, lest worse befall. It is also necessary that a thorough inquiry should be held in order to ascertain how in this particular case of the McQueen bustard hunt, the foreigner concerned was able to commit a crime and go scot-free; and whoever, through laxity or negligence, abetted the foreigner's crime should be brought to book and awarded condign punishment.

MR. SPEAKER: Now we go back to the debate on the General Budget...

SHRI HARI VISHNU KAMATH: Sir, the Minister of State wants to make a statement on what I have raised...

MR. SPEAKER: I would not come in the way if he wants to make a statement. Probably he would like to think over the matter...

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF EXTERNAL AFFAIRS (SHRI SAMARENDRA KUNDU): Unless the hon. Member desires that I should say something, I have nothing particular to mention.

MR. SPEAKER: He has desired. If you want to make a statement, now, you may. Otherwise, we go on to the next business.

SHRI SAMARENDRA KUNDU: I wanted to thank the hon. Member, a vigilant Member of this House, for bringing this matter to our notice. First of all, we have no information about it...

MR. SPEAKER: Papers have published.

SHRI SAMARENDRA KUNDU: I remember to have read in the newspaper. But from the State Government, we have no information about it.

Secondly, about this particular bird, Mc Queen, whether it is a protected bird or not, we have to see the Wild Life Act. I understand that bigger bustards and lesser bustards are the two species protected under the Act. About all these things, after we have collected some information, we will certainly let Mr. Kamath know about it.

SHRI HARI VISHNU KAMATH: Let the House know about it.

12.34 hrs.

GENERAL BUDGET, 1979-80—GENERAL DISCUSSION—*contd.*

MR. SPEAKER: Now, we go back to the debate on the Budget. There are a large number of Members wanting to speak. So, the time for the debate will be extended till the evening today. The Finance Minister will be called upon to reply tomorrow.

Mr. Laxmi Narain Nayak to continue his speech.

श्री लक्ष्मी नारायणनायक (खजुराहो) : अध्यक्ष महोदय, बजट पर अपने विचार प्रकट करते हुए मैं यह कह रहा था कि बिजली प्रगति के लिए बहुत जरूरी है । बिजली के उत्पादन के लिए राजघाट और बाणसागर की जो योजनायें बनाई गई हैं, उन्हें जल्दी से जल्दी पूरा किया जाना चाहिए, ताकि उनसे बिजली पैदा हो और कृषि तथा धंधों में काफी प्रगति हो ।

मध्य प्रदेश में सीधी जिले में सिंगरौली ऐसा स्थान है, जहां काफ़ी कोयला निकलता है, मगर इस समय वहां से कोयला मिर्जापुर जाता है और वहां उसका उपयोग होता है । इसलिए सिंगरौली में ही कोयले से चलने वाला थर्मल पावर स्टेशन बनाना चाहिए, ताकि वहां बिजली का उत्पादन हो सके ।

इस समय बाहर से सीमेंट मंगाया जाता है । हमारे यहां चूने और कोयले की बहुत सी खदानें हैं, जिनके आधार पर सीमेंट के कारखाने बनाये जा सकते हैं । जो पुराना विंध्य क्षेत्र है, वहां सतना, रीवा, सिंगरौली और सीधी में चूना और पत्थर काफ़ी मात्रा में उपलब्ध है । वहां सीमेंट के कारखाने लगाये जा सकते हैं, ताकि बाहर से सीमेंट न मंगाना पड़े । इसलिए सरकार को जल्दी से जल्दी इस ओर ध्यान देना चाहिए ।

वित्त मंत्री महोदय ने आपेरेशन फ्लड—द्वितीय चरण को प्रारंभ करने की बात कही है । मैं चाहता हूं कि उसको जल्दी से जल्दी शुरू किया जाये । लेकिन इस बारे में यह बंदिश लगाई गई है कि जिस जिले में एक लाख आबादी के गांव हैं, उसमें यह योजना शुरू की जायेगी । इस बंदिश को हटाया जाना चाहिये ।

दुग्ध योजना को हर एक क्षेत्र में चलाना चाहिए । जहां भी जंगल और घास है और पशुओं का पालन ज्यादा हो सकता है, वहां इस योजना को जल्दी से जल्दी चालू किया जाये और इस बारे में कोई बंदिश नहीं लगानी चाहिये ।

हम देखते हैं कि ओला पड़ने, बाढ़ या किसी बीमारी से किसानों की फ़सल चौपट हो जाती है । इसलिए यह जरूरी है कि जिस तरह दूसरी चीजों का बीमा होता है, उसी तरह किसान की फ़सल और पशुओं का भी बीमा होना चाहिए । केन्द्रीय सरकार को जल्दी से जल्दी इस दिशा में कदम उठाना चाहिए ।

बेकारी को मिटाने के लिए शासन कुछ काम कर रहा है और गांवों में धंधे खोल रहा है । यह प्रांत की जिम्मेदारी होनी चाहिये कि अगर हम किसी को काम नहीं दे सकते हैं, तो उसे बेकारी का भत्ता दिया जाये, जैसा कि कुछ प्रांतों में किया गया है । श्री यमुना प्रसाद शास्त्री ने अपने विधेयक द्वारा सुझाव दिया है, संविधान में संशोधन करके लोगों को राइट टु वर्क देना चाहिए, यह मौलिक अधिकार देना चाहिए कि जो काम करना चाहता है, उसे काम दिया जाये और अगर काम नहीं दिया जा सकता है, तो उसे कुछ न कुछ बेकारी का भत्ता दिया जाये ।

राजस्थान में अंत्योदय का काम शुरू हुआ है । यह योजना सारे देश में चलाई जानी चाहिये । जो लोग सब से नीचे और पिछड़े हुए हैं, जिनके पास कोई साधन नहीं है, उनके लिए—पिछड़े हुए लोगों के लिए, ग़रीब हरिजन आदिवासी आदि को ऊपर उठाने के लिए और उन्हें सम्पन्न बनाने के लिए, अंत्योदय स्कीम को सभी जगह लागू करना चाहिए ।

मैं वित्त मंत्री महोदय का ध्यान इस तरफ आकृष्ट करना चाहता हूं कि हम अपने बुनियादी सवालों को छू नहीं रहे हैं, हम उनसे दूर भाग रहे हैं । सीलिंग के सम्बन्ध में सरकार बहुत पीछे है, जिससे जमीन निकल सकती है और भूमिहीनों को दी जा सकती है । मैं चाहता हूं जिस जमीन पर बड़े बड़े लोगों ने कब्जा किया हुआ है, जिस को वे लोग बेईमानी के तरीके से अपने पास रखे हुए हैं, उसे भूमिहीनों को देना चाहिये, ताकि वे उस पर खेती कर सकें । 15 दिसम्बर को इसी लोक सभा में मेरा इस आशय का संकल्प पास हुआ था कि एक भूमि सेना गठित करनी चाहिये और परती तथा बंजर जमीन को सुधार कर, सिंचाई तथा अन्य

[श्री लक्ष्मी नारायण नायक]

साधनों के साथ, भूमिहीनों को देनी चाहिये । लेकिन उस सकल्प के बारे में कोई कार्यवाही नहीं हो रही है । जब मैंने सवाल किया, तो बताया गया कि हम ने प्रान्तीय सरकारों से सलाह मांगी है । क्या इस बारे में सलाह मांगने की जरूरत है या निर्देश देने की जरूरत है ? यह बहुत जरूरी काम है । भूमि को जल्दी से जल्दी समतल किया जाये और उसे भूमिहीनों को मय साधनों के दिया जाये ।

12.39 hrs.

[SHRI N. K. SHEJWALKAR *in the Chair*]

मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार और पंजाब आदि कई प्रांतों में जमीन पड़ी हुई है । उसे समतल करा के भूमिहीनों को देना चाहिए, ताकि लोगों को काम मिल सके, अन्न का उत्पादन बढ़ सके और लोगों की बेरोजगारी दूर हो । इसलिए इसको जल्दी से जल्दी कार्यरूप में परिणित होना चाहिए । केवल यह जवाब नहीं आना चाहिए कि हम प्रान्तों से रिपोर्ट मांग रहे हैं ।

जहां तक राष्ट्रीयकरण का सवाल है, हम चाहते हैं कि उद्योगों का राष्ट्रीयकरण हो । सरकार कहती है कि हम मिश्रित योजना चला रहे हैं । हम राष्ट्रीयकरण चाहते हैं लेकिन हम यह नहीं चाहते कि सरकारी नौकरों के हाथ में वह दिया जाय । उस का समाजीकरण होना चाहिए । कोई भी कारखाना हो उस को इस ढंग से चलाना चाहिए जिस से कि उस में फायदा हो और वह बन्द न होने पाए । अगर ऐसा किया जाता है तो सरकार को उस से आमदनी होगी । जो कारखाने प्राइवेट में अच्छे चल रहे हैं उन को चलने दिया जाय लेकिन नये जितने कार्य शुरू किए जायं वह सहकारिता के आधार पर किए जायें या और दूसरे तरीके से उस में काम हो । इस से उस की आमदनी सरकार के पास जायेगी और उस की व्यवस्था भी ठीक रहेगी । कई शुगर की मिलें बन्द हो गईं । सरकार ने उन को अपने हाथ में लिया । इस तरह से मैं चाहता हूं कि राष्ट्रीयकरण की योजना को धूमिल न किया जाय और सीलिंग के काम को ढीला न छोड़ा जाये । इस को और आगे बढ़ाया जाय ।

उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश या कुछ और भी प्रान्त हैं जो बहुत बड़े बड़े हैं । आप देखेंगे कि इस से वहां की व्यवस्था ठीक नहीं चल पा रही है । जो छोटे छोटे प्रान्त हैं जैसे हरियाणा है या और दूसरे ऐसे छोटे प्रांत हैं वहां काफी तरक्की हुई है । तो मैं चाहता हूं कि उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश ये जो दो बड़े बड़े प्रान्त हैं इन में से कुछ जिलों को निकाल कर एक प्रान्त अलग से बनाया जाय ताकि व्यवस्था ठीक हो सके । आज सुरक्षा का सवाल है या और दूसरे मसले हैं जो हल नहीं हो पाते हैं क्योंकि प्रदेश इतने बड़े बड़े हैं कि मंत्री दौरे नहीं कर पाते । कितने भी मंत्री बढ़ाए वे हर जगह पहुंच नहीं पाते हैं और दुखी लोगों की कहानी सुन नहीं पाते हैं । अगर कोई घटना हो जाती है तो कोई वहां पहुंच नहीं पाता है । बहुत दिनों से यह मांग चली आ रही है कि उत्तर प्रदेश में जो बुन्देलखंड जिले हैं उस को उत्तर प्रदेश से निकाल कर और जो मध्य प्रदेश म बुन्देलखण्ड जिले हैं उन को मिला कर एक बुन्देलखण्ड प्रान्त अलग से बनाया जाय । इसकी मांग बहुत दिनों में बराबर चली आ रही है और अभी भी लोग यह मांग कर रहे हैं ताकि उस क्षेत्र का विकास हो । बुन्देलखंड के जिले बहुत त्रस्त हैं और बहुत पिछड़े हुए जिले हैं । कोई उद्योगधन्धा भी वहां नहीं है । न कोई निर्माण के काम वहां हैं । अगर किसी क्षेत्र को ऊपर उठाना है तो पहले वहां की व्यवस्था ठीक होनी चाहिए ताकि वहां जो भी कार्य किया जाये वह ठीक तरह से हो सके ।

इसी तरह से जल की समस्या है । पिछले तीस सालों में भी हम इस समस्या को हल नहीं कर पाए । कई ऐसे स्थान हैं जहां पीने को जल नहीं मिलता । तीन तीन चार मील दूर से लोग पीने के लिए जल लाते हैं । केन्द्रीय सरकार से मैं ने इसके लिए सवाल पूछा तो मुझे बताया गया कि हम ने इतना पैसा दे दिया है । लेकिन उस पैसे का उपयोग नहीं हुआ है । अगर उस का उपयोग नहीं हुआ है तो यह किस की जिम्मेदारी है ? केन्द्रीय सरकार की यह जिम्मेदारी है कि वह इस बात को देखे कि जो पैसा उसने दिया है उस का सही उपयोग होता है या नहीं । उस का निरीक्षण और उस की जांच होनी चाहिए कि जो पैसा दिया गया है उस का उपयोग ठीक ढंग से हो रहा है या नहीं । सरकार को इस के ऊपर ध्यान देना चाहिए ताकि हम कम से कम शुद्ध पानी तो पीने के लिए दे सकें ।

इसी तरह से आवास की योजना चली । कोई भी योजना बनाई जाती है, लेकिन वह आगे चल कर ठप्प हो जाती है, फिर उसे देखा नहीं जाता है कि उसका काम हो रहा है या नहीं । आवास योजना में लोगों को प्लाट दिए गए लेकिन वे प्लाट ज्यों के त्यों पड़े हैं । उन पर मकान नहीं बन सके । हम चाहते हैं कि केन्द्रीय सरकार और प्रान्तीय सरकार इस के ऊपर ध्यान दे ताकि जो गरीब आदमी हैं जिन के पास मकान नहीं है उन्हें हम मकान चाहे छोटा ही क्यों न हो, रहने के लिए दे सकें । यह आवास योजना ठीक तरह से चलनी चाहिए और इस का एक सर्वेक्षण होना चाहिए कि कहां किस जिले में इस की कितनी जरूरत है और इस चीज को भी देखना चाहिए कि कहां काम हो रहा है, कहां नहीं हो रहा है ।

एक चीज और कहना चाहता हूं । सुरक्षा व्यवस्था के लिए शासन की भी जिम्मेदारी है । यह देखना भी उस का काम है कि आखिर देश की व्यवस्था और देश का चरित्र कैसे अच्छा बने । आप देखेंगे कि गांवों में लोगों की सुरक्षा नहीं है । गरीब आदमी सताए जाते हैं । चाहे गुंडा तत्व हों या और दूसरे असामाजिक तत्व हों इन के द्वारा वह सताए जाते हैं । तो यह सरकार की जिम्मेदारी है कि अच्छा चरित्र-निर्माण हो । जो गलत आदमी हैं क्या पुलिस विभाग उन को नहीं जानता है ? क्या पुलिस को यह पता नहीं होता कि कौन सताते हैं ? आज गरीब आदमी का अगर कहीं कब्जा होता है तो दूसरे उन को वहां से हटा देते हैं और बड़े बड़े आदमी कितनी ही जमीनों पर कब्जा किए हुए हैं जब कि उन का कोई मौलिक अधिकार उस जमीन

पर नहीं है लेकिन सरकार उन को नहीं हटा सकती । अगर गरीब ने कोई जमीन जोत ली तो उस को फौरन हटा दिया जाता है । कानून तो सब के लिए बराबर होना चाहिए । इस बात को शासन को देखना चाहिए कि कोई भी आदमी प्रभावशाली बन कर या ताकत का सहारा लेकर नाजायज कब्जा न करे और गरीबों को उन के अधिकार से वंचित न करे । शासन यह देखे कि जो गलत तरीके से अपना प्रभुत्व जमा रहे हैं उन पर बन्दिश लगायी जाय और गरीबों को उठाने के लिए प्रयत्न किया जाय । लोग बराबर इस बात की कोशिश करते हैं कि सरकारी अफसरों से मिलकर नाजायज फायदा उठाऐ । इसलिए मैं चाहता हूं कि यह व्यवस्था हो ताकि गरीब लोग कुछ सहारा पाकर आगे बढ़ सकें ।

वित्त मंत्री जी ने जो बजट प्रस्तुत किया है उसमें कुछ नये टैक्स लगाए हैं । उसमें कुछ ऐसे टैक्स हैं जोकि गरीब आम जनता पर पड़ रहे हैं । इसलिए मैं वित्त मंत्री जी से निवेदन करूंगा, जैसा कि अन्य माननीय सदस्यों ने भी कहा है जनमत को देखते हुए मिट्टी के तेल, साबुन और माचिस, चाकलेट बिस्कुट पर से टैक्स हटा देना चाहिए । इस टैक्स से, सरकार को कोई ज्यादा आमदनी भी नहीं होगी जबकि आम जनता पर उसका बहुत बुरा असर पड़ेगा । जिस प्रकार से रेल मंत्री जी ने कई करों में कमी की है उसी तरह से मैं चाहता हूं कि वित्त मंत्री महोदय अपना भाषण देते समय इन टैक्सों को वापस लेने की घोषणा करें । यह बहुत साधारण चीजें हैं जिनपर कोई टैक्स नहीं होना चाहिए ।

जैसा कि मैं ने शुरू में ही कहा है अगर सरकार अपनी आमदनी बढ़ाना चाहती है तो जो हमारे रिसोर्सेज हैं जो हमारे खनिज-पदार्थ हैं उनका दोहन करके आमदनी बढ़ाई जा सकती है । आम जनता पर जो टैक्स लगाया गया है उससे हर चीज के दाम बढ़ गए हैं । जिस दिन बजट की घोषणा की गई थी उसी दिन से हर चीज के दाम बढ़ गए । इसलिए हमें इस बात को सोचना चाहिए कि ऐसा कोई टैक्स न लगाया जाये जिससे कीमतें बढ़ जायें और उससे जो उपभोक्ता हैं, चाहे वे शासकीय कर्मचारी हों या गरीब किसान और मजदूर, उनको परेशानी हो जाये । मैं चाहूंगा कि मिट्टी के तेल, साबुन और माचिस, चाकलेट, बिस्कुट पर जो टैक्स लगाया गया है उसको वापिस ले लिया जाये ।

इन शब्दों के साथ मैं प्रस्तुत बजट का स्वागत करता हूं ।

SHRI B. C. KAMBLE (Bombay South—Central): Mr. Chairman, Siri, the budget is, no doubt, partly a good budget and, therefore, commendable but certainly partly it is a rotten budget for this reason, Sir, because so far as certain levelling down is concerned it is a good budget but this budget does not take note of those who are below the poverty line and, particularly, this budget has given a shabby treatment to backward classes which constitute one-fourth of the population of this country by shifting the responsibility from this government to the State governments and the State governments again shifting that responsibility to Zila Parishads, ultimately being the responsibility of none. Therefore, this is a rotten budget.

Sir, no doubt, the hon'ble Minister of Finance is a sincere man and I have great regard for the social strata from which he comes. But looking to the whole trend what is indicative is that—prior to Independence what was our revenue; after coming into force of the Constitution what is the revenue and what is the revenue today—today it is hundred times greater and after doing away with provincial autonomy it is twenty-five times greater. The tendency is that indirect taxation has been increased so much probably a day will come when there will be elimination of direct taxation and purely indirect taxes will squeeze the common man and also those who have no assets. Therefore, my first suggestion to the hon'ble Finance Minister would be that he must reduce indirect taxation to fifty per cent and raise the direct taxation by fifty per cent. During the British times the income-tax was to the tune of 25 per cent of the total revenue but now it is hardly 5 per cent. Therefore, the trend is towards inequalities. Therefore, it is no use saying that we have a shift from the urban to the agriculture or from the cities to the rural areas. Therefore, that is not going to help the Minister to reduce the disparities. The Finance Minister raised a new plea in the discussion in the Janata party. He is reported to have asked: "Where from should I raise the revenue?" There must be an answer for that. And, my answer would be this. You tax the top ten per cent of the people to give relief to the bottom ten per cent of the people. Then you tax the next ten per cent of the people to give relief to the next ten per cent of

[Shri B. C. Kamble]

the people from the bottom. You go on doing like that. The Bhoothalingam Committee report is there. Therefore, you impose corresponding taxation. Those of the people who have benefited by the last five-year plan should be sufficiently taxed. Those who got less benefit may be given relief. That would be my simple answer to him and in this way the revenue will come to the Government.

Regarding the backward classes, I have calculated what has been done. Per month, per head, there is only a provision of 5 paise. 1/4th of the population is provided with 118th of the total expenditure. Now, you have no conception with regard to the welfare of the people as a whole belonging to the backward classes. If you cannot attend to their welfare, I request you, please give up the slogan of removing poverty, give up the slogan of removing disparities, give up the slogan of improving their standard of living and so on of the scheduled castes. I don't want that the Janata Government should meet with the same fate which the Congress Government met. That is why the Indira Government failed. The blunder made by Mrs. Indira Gandhi was that she used the slogan of removal of poverty merely for propaganda purposes without any sincerity for fulfilling those promises, and such solemn promises were not implemented by her. Such a thing should not happen with the Janata party and, therefore, I am making this appeal.

And here I would like to make a few suggestions. One of my suggestions would be this. There are people who belong to the lower strata of society and they have got some marginal lands. Convert all those marginal lands into command areas and irrigate them so that they will get all the facilities of irrigation. If that is not possible, acquire all waste-lands and set up cooperative farming societies for farming and give all these lands to the backward classes people alone. All these backward classes people should be employed on them. This is one of my suggestions in this reagrd.

Then my next suggestion is this. Please reduce the expenditure on General Administration. This is quite a heavy load on the chest of the Indian people. On account of General Administration, Rs. 6,000 crores are spent annually. It is equivalent to all your Customs and Excise duties. It means all your excise and customs duties are spent only for paying these personnel of the General Administration. There is very great scope for reducing the expenditure in this regard. The expenditure should be brought down to the minimum.

I have known the Finance Minister's views. Whether it is small industry or big industry, whether it is power-used or run on mechanised basis, he wants to protect where it is man-made. My suggestion is this. He should give up these ideas and he should be more rational in his approach. I would suggest that soap should be exempted totally. Kerosene should be exempted, matches should be exempted and tooth-brush should be exempted. After all, how many people are suffering from tooth-trouble? In order to have civilised life, tooth-brush and other things are necessary. People want civilised life, not brute life. And for civilised life, such things are required. According to Bhoothalingam Committee Report, you can go on taxing progressively from the top to the bottom. There is enough scope for doing this. There is no use taxing the poor and creating a difficult situation for them.

There is also one other thing which I wish to bring to your notice. This Budget reflects the political situation in the Janata party. I am sure the Finance Minister is preparing that in case htere is a fight within the party. he should get more votes. Therefore, he has protected a particular section, whether you call it peasantry or

kulaks or people with landed property, but we want a budget which shall really be a peoples' budget, where all sections of the people belonging to various economic groups should have a feeling that here is a budget which kept in view the interests of all. This can be very easily done and there should not be any sectional considerations when a budget is presented to this House.

Lastly, so far as the destitutes, or people below poverty line are concerned, my suggestion is this. The present subsidies given on various items should end. It is only these people who deserves things on subsidised rates. These destitutes, people below poverty line, should be issued ration cards on which they will get all the necessities of life at subsidised rates, whether it is rice, wheat, kerosene, sugar, clothes etc. You have got the statistics and you know who the destitutes are. Let them at least live. By raising these indirect taxes, these people will be further squeezed. The Government should, therefore, refrain from raising more indirect taxes.

There were two committees appointed to go into the question of direct and indirect taxes. I am sorry to say that those Committees have not suggested right remedies in order to see that the masses of the Indian people are raised to a civilised level. Today, the position is worse. I would go even to the extent of saying that it is worse than that in Iran or Pakistan. However, Indian people are patriotic and the situation is not, therefore, going out of control. That is why, I am suggesting that you must have specific schemes for the improvement of the backward classes. The treatment which is given to the scheduled castes and scheduled tribes and other backward classes is very shabby. Article 46(A) provides that the State shall take special care to protect and promote the interests of the scheduled castes and scheduled tribes. Article 340 also says that there shall be enough grants given to improve the difficult conditions of the backward classes. Is there any mention of these obligations which are cast by the Constitution? This was the national agreement arrived at in the Constituent Assembly.

I would like to say that whether it is the Congres Government or this Government, both have been following the same policy; they have used the scheduled castes and scheduled tribes as also the backward classes for propaganda purposes. In fact, there is a complete lack of sincerity. There are 120 Members elected on reserved seats and an equal number from the backward classes in this House. So, half of the House consists of Members belonging to these backward classes, but they are so ineffective, they are not able to protect the interests of these backward classes.

I would make a special appeal to the Finance Minister to take effective steps in this direction. He is really a man to be admired with caution. I want to know from him in which direction he is moving. If he is really moving in the right direction, I would have no hesitation to congratulate him. When he does, I will be the first person to congratulate him, otherwise I will not congratulate him or any other Finance Minister. I would once again appeal to him to see that the condition of the destitutes, poor people, in this country improves so that this country's prestige is not lowered down in the eyes of the world.

With these words, I conclude.

13.00 hrs.

डा० सुशीला नायर (झाँसी) : सर्वप्रथम मैं वित्त मंत्री जी को बधाई देती हूं । इस बजट के द्वारा बरसों से जो एक नीति चली आ रही थी उसको उलटने का प्रयास उन्होंने किया है । छोटे उद्योगों को, कृषि को, किसान को प्राथमिकता देने का प्रयास उनका इस बजट में दिखाई देता है । एक प्रकार से थोड़ी सी गांधी जी की झलक उन्होंने हमें इस बजट में दिखाने का प्रयत्न किया है । यह अच्छी बात है और इसका मैं स्वागत करती हूं ।

साबुन पर टैक्स उन्होंने बढ़ाया है, माचिस पर बढ़ाया है । लेकिन कौन से साबुन और माचिस पर बढ़ाया है यह भी उन्होंने हमें समझाने

[डा० सुशीला नायर]

की कोशिश की है। जो माचिस विमको बनाता है, बड़ा कारखाना बनाता है और 29 परसेंट जहां बनती है उन पर ही टैक्स बढ़ाया है और जो छोटे छोटे लोग 71 परसेंट बनाते हैं उन पर टैक्स नहीं बढ़ाया है। इसी प्रकार लक्स तथा टाटा आदि जो साबुन बनाते हैं उस पर ही टैक्स बढ़ाया है, छोटे लोग जो साबुन बनाते हैं उस पर नहीं बढ़ाया है। उनका कहना है कि इसका एक तरफ यह लाभ होगा कि एम्प्लायमेंट पोटेंशल बढ़ेगा वहां दूसरी ओर स्माल सैक्टर को प्रोत्साहन मिलेगा। लेकिन यह देखने की भी आवश्यकता है कि जब दाम बढ़ते हैं तो केवल विमको की माचिस के ही नहीं बढ़ते हैं सभी माचिसों के बढ़ जाते हैं। इसी तरह से जब साबुन के दाम बढ़ते हैं तो केवल लक्स और टाटा के हमाम आदि के नहीं बढ़ते हैं सभी के बढ़ जाते हैं। मैं जानना चाहती हूं कि किस प्रकार से सरकार देखेगी कि छोटे सैक्टर में जो बना हुआ सामान है उसके दाम न बढ़ें और केवल बड़े सैक्टर के बने हुए सामान के बढ़ें? अगर यह नहीं देखा जाता है तो जो उनके मन में है कि एम्प्लायमेंट पोटेंशल बढ़े वह हेतु उनका सिद्ध नहीं हो सकेगा।

यह भी देखना होगा कि क्या इन थोड़े से कदमों से उनका जो ध्येय है वह पूरा हो सकेगा? मैं क्यों यह कहती हूं? चौधरी साहब कह सकते हैं कि मैं तो फाइनेन्स मिनिस्टर हूं और उस जो कुछ कर सकता हूं वही तो करूंगा, बाकी के जो काम हैं वे तो दूसरे मंत्रालयों को करने हैं। यह दलील मेरे गले नहीं उतरती है। इसका कारण यह है कि वह एक वरिष्ठ नेता ही नहीं बल्कि फाइनेन्स मिनिस्टर और डिप्टी प्राइम मिनिस्टर भी हैं। मैं पूछना चाहती हूं कि क्या कारण है कि सारे का सारा लांडरी सोप का जो उत्पादन होता है वह उसको स्माल सैक्टर में नहीं दे सकते हैं? उनको देना चाहिये। खादी ग्रामोद्योग को देना चाहिये। उस प्रकार के दूसरे छोटे छोटे यूनिट्स को देना चाहिये। लांडरी सोप बड़े यूनिट्स में नहीं बनाना चाहिये। इसी प्रकार से माचिस सब की सब स्माल सैक्टर में बने। यह अगर हो जाता है तो एम्प्लायमेंठ पोटेशल बढ़ेगा।

13.2 hrs.

[MR. DEPUTY-SPEAKER *in the Chair*]

साथ ही स्नान आदि का जो साबुन है वह भले ही छोटे सैक्टर में बने लेकिन उसकी क्वालिटी के ऊपर भी आपका कंट्रोल होना चाहिये। अगर क्वालिटी अच्छी नहीं होगी तो काम नहीं बनेगा और जनता को परेशानी होगी, नुक्सान होगा। स्किन इरिटेशन पैदा करने वाले साबुन अगर छोटे सैक्टर के द्वारा बनाने की बात है तो उससे जनता के हित की बात नहीं होगी। इसलिए क्वालिटी कंट्रोल भी निहायत आवश्यक है।

साथ ही मेरा यह भी निवेदन है कि जहां चौधरी साहब ने किसान द्वारा इस्तेमाल किये जाने वाले डीजल का टैक्स घटाया है, फ़र्टिलाइजर का और ट्रैक्टर का टैक्स घटाया है, वह अच्छी बात है, लेकिन यह सामान तो बड़े बड़े किसान इस्तेमाल करेंगे। छोटे किसान, 5, 7 एकड़ वाले मार्जिनल फ़ार्मर या जो लैंडलैस लेबरर्स हैं उनके लिए इस बजट में कोई राहत नहीं है, बल्कि उलटे उन पर बोझ बढ़ा ही है। तो इसकी तरफ भी आपको ध्यान देना होगा। मिसाल के तौर पर मिट्टी के तेल का दाम बढ़ा दिया है। वह कौन इस्तेमाल करता है? बड़े लोग तो इस्तेमाल नहीं करते, गरीब आदमी ही करता है। तो उस गरीब आदमी को राहत मिलनी चाहिये। मैं चौधरी साहब से कहूंगी कि आपने एक पैसा एक लिटर के पीछे मिट्टी के तेल का दाम बढ़ाया है, लेकिन बाजार में उसका दाम उस से बहुत ज्यादा बढ़ गया है। इसके साथ साथ यह भी कहते हैं कि मिट्टी के तेल का इस्तेमाल ऐडल्टरेशन के लिये होता था इसलिए उसको रोकने के लिए यह कार्य किया गया है, क्योंकि राष्ट्र का हित व्यक्ति के हित से बड़ा है। मैं इसको स्वीकार करती हूं। अगर ऐडलटरेशन मिटाने के लिए मिट्टी के तेल का दाम ऊंचा किया है तो ठीक है, लेकिन यह भी तो देखें कि एक पैसा आपकी ओर से बढ़ा है तो उसका दाम बाजार में उतना ही बढ़े, ज्यादा न बढ़े। दूसरी बात यह है कि जहां पर उन्होंने इस बात की चिन्ता प्रकट की है कि किरोसन का ऐडलटरेशन के लिए इस्तेमाल न किया जाय, तो क्या उनको यह चिन्ता नहीं होनी चाहिये कि जो दो प्रकार का डीजल है—हाई स्पीड डीजल जिसका टैक्स बढ़ा दिया है, और लो स्पीड डीजल जो किसान इस्तेमाल करता है और उसका टैक्स घटा दिया गया, तो क्या लो स्पीड वाला डीजल ऐडलटरेशन में इस्तेमाल नहीं किया जायगा। हाई स्पीड में? उससे नुकसान नहीं होगा? इसलिए जो हाई स्पीड डीजल है उसका भी टैक्स कम कर दें, दोनों प्रकार के डीजल को एक लेबिल पर ले आयें, तब तो बात समझ में आ सकती है कि ऐडलटरेशन मिटाने के लिए किरोसन पर जो टैक्स लगाया है वह राष्ट्र हित के लिए है। वही चीज डीजल को ऐप्लाई करती है, इसका भी पूरा ध्यान रहना चाहिये और इसके लिये उनको कुछ करना चाहिये।

श्रीमन्, इसी प्रकार अगर गरीब की उनको चिन्ता है, और होनी चाहिये, मैं मानती हूं कि उनको है, तो मैं कहना चाहती हूं कि पोलियेस्टर को खादी में मिलाने के लिए कैसे यह सरकार बात कर रही है। पोलियेस्टर तो छोटे कारखाने नहीं बनाते हैं, बड़े-बड़े कारखानों में ही बन सकता है, किसान की कपास अच्छी की जाय, उसकी उपज बढ़ायी जाय वह तो हम समझ सकते हैं, लेकिन पोलियेस्टर कारखानों के जो बड़े बड़े मालिक हैं उनको ऐनकरेजमेंट देने के लिए पोलियेस्टर को खादी में मिलाया जाय, इस नीति का विरोध चौधरी साहब को करना चाहिये और हमें आश्वासन देना चाहिये कि पोलियेस्टर को खादी में नहीं मिलाया जायगा। और चाहे कोई इस्तेमाल उसका करे।

अगर छोटे आदमी को मदद देनी है तो हमने जो पैट्रोल पर टैक्स बढ़ाया है उसका क्या परिणाम आया है यह हमको सोचना पड़ेगा। बसेज का किराया

बढ़ गया, स्कूटर का बढ़ गया, टैक्सी का किराया बढ़ गया । दाम बढ़े 55 पैसे प्रति लिटर और स्कूटर एक लिटर में 30 किलोमीटर चलता है तो उसके हिसाब से उसका किराया दो पैसे फ़ी किलोमीटर बढ़ने चाहिये, लेकिन सरकार ने इजाज़त दी है कि वह 25 पैसे प्रति किलोमीटर बढ़ा सकते हैं । स्कूटर वालों ने 20 पैसे बढ़ाया था, लेकिन सरकार ने कहा कि तुम 25 पैसे बढ़ा सकते हो । अब गरीब आदमी बीमार को अस्पताल ले जायगा तो स्कूटर या टैक्सी से ही ले जायगा और इस बढ़ोतरी का बोझ उस पर नहीं पड़ रहा है क्या ? यह बहुत चिन्ता की बात है। कहा यह जाता है कि हम क्या करेंगे, ओपैक वाले दाम बढ़ा रहे हैं, दाम और भी बढ़ने की संभावना है । ऐसी स्थिति में पावर अलकोहल को पैट्रोल के साथ मिलाने की जो आज संभावना है, उसको हम तुरन्त क्यों नहीं अमल में लाते हैं ? यह हमारे वित्त मंत्री चौधरी साहब को करना चाहिये । बजाय इसके कि अलकोहल से शराब बना कर लोगों को बर्बाद किया जाये, पावर अलकोहल का उत्पादन कर के 25 परसेंट पावर अलकोहल पैट्रोल में मिलाया जा सकता है और उससे पैट्रोल की हमारी खपत कम हो सकती है । यह करना नितान्त आवश्यक है । हमारे वित्त मंत्री जी को इस ओर ध्यान देना चाहिये ।

सिगरेट वग़ैरह पर टैक्स बढ़ाया गया है लेकिन शराब पर क्यो नहीं बढ़ाया ? इसकी इम्पोर्ट भी होती है इस पर एक्साइज़ भी बढ़ाया जा सकता है । यह जो सरासर बर्बाद करने वाली चीजें हैं इन पर टैक्स बढ़ाना चाहिये । सिगरेट पर जो टैक्स उन्होंने बढ़ाया है उसका मैं स्वागत करती हूं लेकिन उसके साथ ही साथ मैं यह भी कहना चाहती हूं कि 125 करोड़ रुपया जो टोबैको के उत्पादन पर टैक्स हटा कर उन्होंने गंवाया है यह कोई बहुत अच्छा काम नहीं किया है । कहते हैं कि कुछ लोगों ने इस टैक्स के कारण इन्स्पैक्टरों की धांधली व ब्राइब के कारण यू० पी० में तम्बाकू का उत्पादन करना बन्द कर दिया था । इसलिए उत्पादन टैक्स हटा दिया गया है । पहली बात यह है कि करप्शन के कारण से टैक्स लगाने की या न लगाने की नीति सरकार निर्धारित करे, यह सरासर गलत बात है । यह नहीं होना चाहिये । दूसरी बात यह है कि आखिर टोबैको कौन सी बढ़िया चीज़ है ? अगर कुछ लोगों ने इसका उत्पादन बन्द कर दिया तो क्या हुआ । आखिर यह है तो हानिकारक चीज़ ही। यह इन्सान के स्वास्थ्य के लिये अच्छी चीज़ नहीं है । ऐसी स्थिति में उसके उत्पादन को बढ़ाने के लिए टैक्स में छूट देना 125 करोड़ रुपये की, यह कोई अच्छी बात नहीं है, मेरे गले उतरने लायक नहीं है । इन सब चीजों का जनरल प्राइस राइज़ पर क्या असर हुआ है ? सब्जी वालों ने 25 परसेंट दाम बढ़ा दिया है । लोग जानते हैं टीका भी करते हैं पोलिटिकल सिचुएशन को लेकिन मैं कहना चाहती हूं कि सब को दिखाई पड़ रहा है जो जानकर अपनी आंख पर पट्टी नहीं बांधता है वह देख सकता है कि जनता पार्टी के राज्य में प्राइस घटी हैं बढ़ी नहीं हैं । अनाज, तेल, चीनी की कीमतें घटी हैं और बढ़ी तो शायद किसी चीज़ की भी नहीं हैं ;। एक आध किसी चीज़ की बढ़ी हों तो मैं नहीं कह सकती लेकिन आम तौर पर प्राइसेज़ स्टेबल हैं ।

इन्दिरा जी के राज्य में हर चीज के लिए लाइन लगती थी, कोई चीज आसानी से मिलती ही नहीं थी । कल मुझे बम्बई में किसी बड़े आदमी ने कहा कि आपकी एचीवमैंट्स तो हैं यह हम मानते हैं लेकिन आप पब्लिसिटी नहीं करते हैं । मैं कहना चाहती हूं कि हम पब्लिसिटी किस तरह से करें ? लोग अन्धे हैं क्या ? समझते नहीं देख नहीं सकते ? हम चाहते हैं कि सरकार पब्लिसिटी की तरफ भी ज्यादा ध्यान दे लेकिन साथ ही साथ यह जो उपलब्धियां हैं इनको भी शार्ट-साइटेड बजट के कारण कहीं हम खो न दें और अपने दुश्मनों के हाथ में बारूद न दें जिससे कि वे गोलाबारी कर सकें । आज गरीब देहातों और शहरों में बसता है जो गरीबों को चोट लगाये ऐसा काम हमको नहीं करना चाहिये ।

जो आइटम 68 कहलाती है उसमें सैकड़ों चीजें हैं । वह आइटमें गरीब आदमी पर और छोटे उद्योगों पर असर डालती हैं । जो नीति जनता सरकार की है छोटे उद्योगों को बढ़ाने की, गरीबों को ऊपर उठाने की वह इस टैक्स बढ़ौतरी से मेल नहीं खाती है । आइटम 68 में क्या चीजें हैं उनकी तरफ मैं आपका ध्यान खींचना चाहती हूं ।

बर्फ़ । अगर घर में किसी को बुखार आ जाये तो क्या उसके सिर पर रखने के लिए बर्फ की जरूरत होगी या नहीं ? क्या नर्सिंग होम में बर्फ की जरूरत पड़ेगी या नहीं ? गरीब आदमी के पास रेफ़िजरेटर नहीं है वह आइस-बक्स रखता है ।

एग्रीकल्चरल इम्पलिमेंट्स एण्ड टूल्ज़,

हैंड टूल्ज़,

क्रालर ट्रेक्टर्ज़, पावर, टिलर्ज़,

बाइस्कल पार्ट्स अदर दैन रिम्ज़ एंड फ़ी-व्हील्ज़,

इलेक्ट्रिकल गुड्ज़,

बिल्डिंग मैटीरियल्ज़ इन क्लूडिंग क्ले, चाक्स लाइमस्टोन प्रिपेयेर्ड हम कहते हैं कि लोग सीमेंट के बजाये लाइमस्टोन वग़ैरह इस्तेमाल करें लेकिन उस पर भी टैक्स बढ़ा दिया गया है ।

बूट पालिश

छोटे छोटे बच्चे बूट पालिश कर के चार पैसे कमाते हैं लेकिन उस पर भी टैक्स बढ़ा दिया गया है ।

विटामिन्ज़ एण्ड विटामिन्ज़ प्रेपरेशन्ज़

आयुर्वेदिक एण्ड होमियोपैथिक ड्रग्ज़ ।

[डा० सुशीला नायर]

बकट–बाल्टी

युटेन्सिल्ज मेड फ्राम एनी मेटल

स्टेशनरी आर्टिकल्ज लाइक पेन्सिल्ज ।

बच्चों के पेन्सिल और कागज वगैरह पर भी टैक्स बढ़ा दिया गया है ।

मेडिकल एक्विपमेंट

स्पाइसिज ग्राउण्ड; पिसा मसाला ।

काफी लोगों ने औरतों को काम देने के लिए मसाला पीस कर बेचने का काम करने की कोशिश की है मगर उस पर भी टैक्स बढ़ा दिया गया है ।

टायर्ज एण्ड ट्यूब्ज आफ साइकल एंड साइकल रिक्शा ।

साइकल रिक्शा बिल्कुल गरीब आदमी का साधन है ।

फुल पी वी सी फुटवीयर चप्पल-सैंडल्ज-शूज ।

वेस्ट आफ नाइलोन और पालिएस्टर ।

पालिएस्टर के वेस्ट से शायद कुछ गरीब आदमी काम कर लेते होंगे मगर उस पर भी टैक्स बढ़ा दिया गया है ।

सा–टिबर वुड चिप्स सा डस्ट ।

सा डस्ट से लोग पचासों काम करते हैं रोटी पकाने का काम करते हैं ।

प्लास्टिक कूंज

ग्लास बेंगल्ज

प्लास्टिक की छोटी कंघियों और औरतें जो चूड़ियां पहनती हैं उन पर भी टैक्स बढ़ा दिया गया है ।

हरिकेन लैन्टर्न्ज गरीब ही इस्तेमाल करता है ।

प्रेशर स्टोव्ज एण्ड विक स्टोव्ज

व्हील चेयर फार इनवैलिड्ज ।

जो व्हील चेयर लूले-लंगड़ों के काम आती है उस पर भी टैक्स बढ़ा दिया गया है ।

इनसेक्टिसाइड स्प्रेयर

जो चीज इनसेक्टिसाइड को स्प्रे करने के काम आती है उस पर भी टैक्स बढ़ा दिया गया है ।

हैंड-पंप ।

कुदाली

लैंप होल्डर्ज

व्हीट एंड राइस थैशर्ज

सीड क्लीनर्ज

पी वी सी वायर्ज––डामेस्टिक टाइप

हैंड एंड एनिमल ड्रान कैरिज फिटिंग्ज––टांगा पार्ट्स एंड व्हील रिम्ज ।

ये सब चीजें छोटे और गरीब आदमियों के काम आती हैं, छोटे किसानों के काम आने वाली चीजें हैं और छोटे छोटे यूनिट्स में पैदा की जा सकती हैं। इन चीजों पर पहले 1 परसेंट टैक्स हुआ करता था। उसको बढ़ा कर 5 परसेंट कर दिया गया, और अब उसको बढ़ा कर 8 परसेंट किया गया है। तीन सालों में 700 परसेंट टैक्स बढ़ गया है।

फिर छोटे यूनिटों पर एग्जेम्प्शन लिमिट को 30 लाख रुपये से कम कर के 15 लाख रुपये कर दिया गया है। छोटे छोटे यूनिट्स वायबल होने चाहिए। उन्हें इतना तो प्राफिट होना चाहिए कि वे अपना खर्चा निकाल सकें। 15 लाख रुपये की एग्जेम्प्शन लिमिट से वे अपना खर्च नहीं निकाल सकते हैं। सरकार ने 807 आइटम्ज स्माल स्केल इंडस्ट्री के लिए रिजर्व किये हैं। उनमें से 780 आइटम्ज ऐसे हैं, जो इस आइटम 68 के नीचे आते हैं। इस लिए इन पर टैक्स बढ़ाने का भार स्माल-स्केल यूनिट्स पर पड़ेगा। यदि इन 807 आइटम्ज को स्माल-स्केल यूनिट्स ने पैदा करना है, तो उन्हें राहत मिलनी चाहिए। हमें बताया गया है कि एग्जेम्प्शन लिमिट कम से कम 50 लाख रुपये होनी चाहिए। अगर 50 लाख रुपये कर दिया जाये, तो अच्छा है, मगर कम से कम 30 लाख रुपये की लिमिट तो रेस्टोर होनी चाहिए, ताकि उन यूनिट्स को परेशानी न हो।

इस तरह स्माल-स्केल सैक्टर पर डबल टैक्ससेशन पड़ जाता है, क्योंकि रा मैटिरियल्ज पर उन्हें अलग से टैक्स पड़ेगा और आइटम 68 के अन्दर उन पर अलग से टैक्स पड़ेगा। एक्साइज उन को अलग से लगेगी। इस को भी देखने की जरूरत है। प्रोडक्शन हमें बढ़ाना है और स्माल स्केल यूनिट्स में बढ़ाना है ताकि हम अपने यहां बेरोजगारी के मसले को हल कर सकें। इन सब चीजों में हम पूरी तरह से सरकार के साथ सहमत हैं। लेकिन यह करना है तो फिर हम को यह देखना होगा कि जो सामान छोटी छोटी इंडस्ट्रीज बनाती हैं उन के ऊपर या तो टैक्स बिल्कुल हटा दिया जाय या उस को इतना कम कर दिया जाय कि बड़ी यूनिट्स के साथ कम्पटीशन में खड़ी हो सकें, नहीं तो बाद में कहा जायगा कि हम कैसे इस को सबसिडाइज करें? सब्सिडी की जरूरत न पड़े ऐसे तरीके हम इस्तेमाल करें और वह करने के लिए हमारे फाइनेंस के प्रोपोजल्स, हमारे बजट प्रोपोजल्स इस किस्म के होने चाहिए जिस में स्माल मैन्यूफैक्चरर या स्माल यूनिट्स जो हैं,

जो हाथ से काम करने वाले हैं उन को एन्करेजमेंट मिले और जो गरीब आदमी हैं वह चाहे शहर का रहने वाला है या देहात का रहने वाला है उसके जीवन के लिए जो बेसिक आवश्यकताएं हैं उन के ऊपर हमारे टैक्स का बर्डन न पड़े।

हम इन्डायरेक्ट टैक्सेज बढ़ाते चले जा रहे हैं। यह हमारी नीति के खिलाफ है। इन्डायरेक्ट टैक्सेज का बोझ गरीब आदमी पर पड़ता है और हर एक आदमी पर बराबर पड़ता है। हमारी नीति है कि जिसकी ज्यादा ताकत है उस पर ज्यादा बोझ पड़े और जिस की कम ताकत है उस पर कम बोझ पड़े। उस के लिए डायरेक्ट टैक्सेज की तरफ हमें ज्यादा जाना होगा। इन्डायरेक्ट टैक्सेज को हमें कम करना चाहिए, बढ़ाना नहीं चाहिए। पब्लिक सेक्टर प्रोजेक्ट्स को हम ज्यादा प्राफिटेबल बना कर कामन मैन के ऊपर जो टैक्स का बर्डन है उस को कुछ कम करने की तरफ तवज्जह देंगे तो मुझे लगता है कि जनता पार्टी को लोग धन्यवाद देंगे। जनता पार्टी ने थोड़े से कार्यकाल में बहुत सा काम किया है। दुख की बात है कि कुछ झगड़ों की वजह से जो अचीवमेंट्स हैं उन की तरफ जनता का ध्यान नहीं दिलाया जा सका है। उन की तरफ हमें जनता का ध्यान दिलाना है और हमें यह भी देखना है कि आगे क्या करना है। तीन साल में चुनाव आने वाले हैं। उस चुनाव से पहले हम को जनता के सामने यह सिद्ध करना पड़ेगा कि हम ने जो उन के साथ वायदे किए हैं हम ने जो अपने चुनाव घोषणापत्र में बातें कहीं हैं उन पर हम कायम हैं और उन को कार्यान्वित कर रहे हैं। उन को कार्यान्वित करने के लिए जो हम ने चन्द सुझाव दिए हैं मुझे आशा है कि अग्रवाल साहब उन्हें चौधरी साहब तक पहुंचाने का कष्ट करेंगे और चौधरी साहब उन के ऊपर सहानुभूति से ध्यान देंगे।

SHRI JANARDHANA POOJARY (Mangalore): Mr. Deputy-Speaker, thank you very much for calling my name.

MR. DEPUTY-SPEAKER: You have only ten minutes; I will tell you now itself so that you adjust your speech accordingly.

SHRI JANARDHANA POOJARY: I am told by the Speaker that it has been extended.

MR. DEPUTY-SPEAKER: Your party's time is only 11 minutes; and there are five more speakers on the list. That has also to be seen.

SHRI JANARDHANA POOJARY: At the outset I submit that the budget has taken the country from socialism into capitalism and mixed economy. This budget belies stability and growth; it belies all hopes raised for the rationalisation of the fiscal policy for growth and stability. First of all I may submit that the strain of deficit will sink the Indian economy. As you perhaps know the government had appointed Jha Commision to rationalise the rate structure with regard to direct taxes. It is evident that these are preliminary or primary or consumer goods, petrol, diesel, soap match box and other items. Commercial vehicles, namely, trucks, taxis, authorickshaws etc. have become costlier as a result of high taxation. The prices of kerosene and diesel have gone up resulting in the operation cost also going up. In view of all this, what is the impact on the common people? In the villages, all of us know, people use kerosene. I have been watching the debate for the last 3 days. It was stated that there was no impact on the poor people. At the outset I may submit that there was a lot of frustration in the minds of the people, particularly, common people in big cities like Bombay, Madras, Calcutta, etc. have been harassed first by the Railway Minister and now by the Deputy Prime Minister and Finance Minister. I may further submit that severe critimism against the present Budget is on its taxation proposals. I need not go into the details because all the speakers have stated about it. This taxation on the common people, particularly, in the urban areas has crippled their life. I can say that our Finance Minister has massacred the common people. At this juncture I may submit that our friends, C.P.M. people have been supporting the Janata Party in their deeds and misdeeds. Now they have opened their eyes and they have come out clearly by saying that the Budget is anti people Budget.

Now, my submission would be about the impact of this Budget on the common people and whether they have like it or dislike it and who are happy under the rules of this Janata Party. With the performance of this Government the poor people, the industrial workers and the common

[Shri Janardhana Poojary]

people are not happy. You know even the judges have come out of their chambers. They have come out of their courts and they are asking for justice. Those people, who have been delivering judgements, have come to the streets and are asking for justice. That is the misrule prevailing in this country. Nobody—neither the Deputy Prime Minister nor even the Prime Minister has got the right to misrule this country. Under these circumstances, the Janata Government has to be serious—whether they are going to withdraw levies imposed on certain items.

Before going to the other aspects of this Budget I may submit that so far as Karnataka is concerned during Chikmagalur election it had been announced by one of the Cabinet Ministers that Mangalore was going to have one steel plant and at the same time it had also been announced that they were going to have the steel plant at Vijayanagar. What is the provision in the Budget now? In the Budget the provision has been made to the tune of only Rs. 1 crore, so far as Vijayanagar plant is concerned. The total cost on the plant is about Rs. 18 thousand crores. Now at this rate if the provision is made so low when are you going to complete Vijayanagar plant? That is why I submitted that there was stagnation. This Budget belies growth and stability. At this rate of Rs. 1 crore per year it will take 18 thousand years to complete this project. This is the stability, this is the growth in Janata Party Government.

In my State i.e. Mangaolre, we require one international port because of the development activities over the area. We do not have any other international air port in that area. We are having Mangalore Harbour Project, Kudramukh Iron Ore Project and Asan Mangalore Railways. Therefore, we wanted international air port But it has been denied to us. Even they are not prepared to develop the existing air port. When we asked for Rs. 6 crores for the development of our existing airport, that has been denied to us.

Now what is the position so far as public sector is concerned? Some people including Shri Piloo Modi and Dr. Subramaniam Swamy say that they are not for nationalisation. They are for de-nationalisation. Now the attitude taken by this Government is not in tune with the planned growth of this country. I can submit that the de-nationalisation aimed at is to enrich the private monopolists. This is being done to hand over the public sector to the vested interests. The paramount importance of the public sector is to bring social reform. If the huge resources are being given to the private people, what amount of harm will be done to the economy of our country

As you know our poor country is with a population of 62 to 65 crores of people. The people are struggling with exploitation, unemployment and social insecurity. This capitalism will not be the answer for our country. Social disparity is a curse. Socialism can bring fruits to the masses of this country.

It is unfortunate that our public sector undertakings are not functioning efficiently. Under the Janata rule for the first time the profitability of the public undertakings has come down from Rs. 239.59 crores in 1966-67. to Rs. 25.40 crores. This is the state of affairs. That is why I submit this is the state of our economy.

I will submit another point regarding deficits. I may submit that never in the history of the country there was a deficit to the tune of Rs. 1355 crores. It was said that in the Sixth Plan deficit financing would be wiped out. The Prime Minister is against deficit financing. The Finance Minister has come before this House with deficit financing. How this deficit can be covered up and how this deficit could be wiped out has not been mentioned in the entire budget. At this rate where are we proceeding? In

what direction are we proceeding? It is because of the internal squibbles, internal crisis, internal struggle which is going on in the party? Our Deputy Prime Minister, when he gave up the Ministry, stated that with these corrupt and impotent people he could not stay in the Cabinet. Since he has come back to the Cabinet, overnight all these people—corrupt and impotent, have turned into honest and potent people. My submission is how far these people could be relied upto. How could the social disparity among the people be removed. The task of the Janata Government is to give food, shelter, medicines to the people.

Because of the International year of the children they have given exemption to the child upto the age of five to travel freely. I submit that polio and triple vaccines should be exempted. These should be freely distributed to the children of this country by the Government of India.

श्री बलपत सिंह परस्ते (शहडोल) : उपाध्यक्ष जी, आपने मुझे बोलने के लिए समय दिया, इस के लिए धन्यवाद। मैं इस बजट के समर्थन में खड़ा हुआ हूं।

वास्तव में चौधरी साहब ने एक उस पहलू को जरूर झकझोरा है, जिस पहलू के ऊपर सारे राष्ट्र की प्रगति निर्भर करती है। हमारे राष्ट्र की, हमारे हिन्दुस्तान की 80 प्रतिशत जनता खेती के काम में लगी हुई है और मैं यह समझता हूं कि अगर इस 80 प्रतिशत जनता को खेती से लाभान्वित किया जाएगा, तो शहरों का विकास अपने आप संभव हो जाएगा। लेकिन हमें यह कहना पड़ता है कि एक ओर तो हम वह चाहते हैं कि समाज में गैर बराबरी मिटे लेकिन दूसरी ओर हम ये सुख-सुविधाएं पहुंचाने के लिए इस बजट में व्यवस्था नही कर रहे हैं। जिनके पास वास्तव में खाना, कपड़ा और रहने को मकान नहीं है, उनको ये सब चीजें कैसे मिलेंगी, उनकी व्यवस्था का इस बजट में उल्लेख नहीं किया गया है।

हरिजन और आदिवासियों को आज इतनी भीषण तकलीफें झेलनी पड़ती हैं कि वे अपना जीवन किसी भी ढंग से नहीं चला पाते हैं। आदिवासी कहां रहता है? आदिवासी जंगल और पहाड़ों में रहता है। आदिवासियों के लिए आज कोई सुविधा नहीं है। जंगल और पहाड़ों में बसने वाले आदिवासी खेती करते हैं। जंगल और पहाड़ों में समतल का नाम निशान नहीं रहता। अगर उनकी खेती में एक बार भी पानी नहीं पड़ा तो उनकी सारी की सारी खेती सूख जाती है। जब उनकी खेती सूख जाती है तो सरकार उसके लिए उन्हें कोई साधन नहीं देती। सरकार के पास उनके लिए कोई साधन नहीं है। इसलिए मैं चाहता हूं कि आदिवासी और हरिजनों के लिए बजट में स्पेशल प्रावधान हो। संविधान में तो यह है कि बजट का 22 प्रतिशत इन तत्वों के लिए खर्च किया जाएगा लेकिन ऐसा हो नहीं रहा है, न इस बजट में हुआ है।

मैं यह कहना चाहता हूं कि यह बजट गांवों की तरफ मुड़ा है। ऐसा हम महसूस करते हैं। लेकिन गांवों में जो लघु उद्योग धंधे खुलेंगे उनका सही मायनों में स्पष्टीकरण नहीं हुआ है। गांवों में चमड़ा, कारपेन्टरी और जुलाहे के उद्योग चलते हैं। ये किस ढंग से चलेंगे इसके बारे में कोई स्पष्टीकरण नहीं किया गया है।

आज कानून व्यवस्था इतना दूभर है कि छोटे तबके के लोगों को उसमें कोई राहत नहीं मिल रही है। बड़े बड़े पूंजीपतियों को ही कानून-व्यवस्था में राहत मिल रही है। इसलिए मैं सरकार से निवेदन करता हूं कि सरकार इस प्रकार की व्यवस्था करे कि यह व्यवस्था युद्धस्तर पर हो जिससे कि छोटे छोटे लोगों को भी सुरक्षा मिल सके।

दूध विकास योजना का बजट में जो उल्लेख किया गया है वह बहुत ही अच्छा है। लेकिन इस में प्रतिबंध लगा दिया गया है कि जहां एक लाख की आबादी होगी वहीं इस योजना को लागू किया जाएगा। जैसे कि उड़ीसा के कोरापुर और बिहार के पलामु क्षेत्रों में बसने वाले लोग इससे लाभान्वित नहीं हो सकते हैं। इस से हमें अफसोस होता है। हमारे डिस्ट्रिक्ट में बहुत घने जंगल हैं वहां घास फूस भी पर्याप्त मात्रा में होती है। अगर यह प्रतिबन्ध नहीं होता तो वहां भी दुग्ध योजना चालू हो सकती थी। इस वास्ते इस प्रतिबन्ध को आप हटाए?

विन्ध्य सम्भाग के लोग आज भी 103 रुपये वार्षिक आय में अपना जीवन बसर करते हैं। इस वास्ते वहां जो घोर गरीबी है इसको देखते हुए विन्ध्य क्षेत्र की ओर आपको अधिक से अधिक ध्यान देना चाहिये। इस क्षेत्र में अधिकांशतः हरिजन और आदिवासी निवास करते हैं। उनको सदियों तक कुचला और दबाया गया है। वहां राजाओं और महाराजाओं का आतंक था। इस वास्ते उस इलाके की ओर आप विशेष ध्यान देंगे।

बजट में गैर बराबरी दूर करने की बात कही गई है। लेकिन मुझे अफसोस के साथ कहना पड़ता है कि आज भी हमारे देश में बड़े बड़े उद्योगपति और बड़े बड़े जमींदार हजारों एकड़ भूमि दबाए बैठे हैं और उन से इस भूमि को लेने का कोई प्रावधान नहीं किया गया है। मैं चाहता हूं कि उन से जबरन भूमि छीन करके छोटे छोटे किसानों या खेती में लगे हुए कामगारों में बांट दी जाए। इससे राष्ट्रीय आय में वृद्धि होगी और सभी भारतवासियों का पेट भर सकेगा।

सूखा ग्रस्त क्षेत्रों का भी इस में जिक्र किया गया है और विकास खंडों का और अधिक विकास करने की बात कही गई है। लेकिन ये विकास खंड कांग्रेस शासन

[श्री दलपत सिंह परस्ते]

काल में बनाए गए थे और उनका ही थोड़ा बहुत विकास किया गया है। अब भी उन का ही विकास किया जाएगा। मैं चाहता हूं कि नए नए विकास खंड तलाश किए जाएं ढूंढ़ निकाले जाएं और सर्वे करवा कर पता लगाया जाए कि वास्तव में कहां गरीब लोग बसते हैं कहां किन का विकास करना है। देश से गरीबी को मिटाना है तो विकास खंड योजना को आपको बदलना पड़ेगा ताकि उन इलाकों का कुछ न कुछ तो विकास हो सके जहां बिल्कुल भी विकास नहीं हुआ है।

मुझे अफसोस है कि मिट्टी के तेल, बीड़ी और माचिस सब पर इस बजट में टैक्स बढ़ा दिया गया है। मेरा निवेदन है कि इस में आप संशोधन करें और बढ़े हुए टैक्स को खत्म करें। अभी मैं 32 गांवों में हो कर आया हूं अपने क्षेत्र में। एक पैसा भी यदि टैक्स का बढ़ता है तो उस चीज के दाम वहां बहुत ज्यादा बढ़ जाते हैं। देहातों में मिट्टी के तेल की बोतल दो रुपये में मिल रही है। वहां गांवों में रोशनी का कोई साधन नहीं है। क्या आप यह चाहते हैं कि मिट्टी के तेल जैसी वस्तु पर टैक्स बढ़ा कर उन लोगों को फिर से आप अंधकार में रहने के लिए और जीवन बसर करने के लिए मजबूर करें। आदिवासी हरिजन छोटे दबके के लोग चाहे किसी भी जाति के हों वे मिट्टी का तेल जला कर और रोशनी करके हम से कम अपने घर में उजाला तो कर लेते हैं। अभी जून जुलाई के महीनों में मिट्टी का तेल देश में से गायब हो जायगा। यह कौन करेगा ? बड़े बड़े सेठ करेंगे। इसलिये जरूरी है कि उन लोगों के लिये स्पेशल व्यवस्था हो। हर एक ग्राम पंचायत में सरपंचों को मिट्टी के तेल का कोटा दिया जाय।

माचिस और बीड़ी कौन इस्तेमाल करता है ? छोटे छोटे कामगार छोटे किसान जो दिन भर मेहनत करते हैं और जब आराम करने के लिये बैठते हैं तो साया में बैठ कर बीड़ी पीते हैं। सिगरेट के बारे में मुझे कुछ नहीं कहना है क्योंकि उसको गरीब लोग नहीं पीते। इसलिये आवश्यक है कि बीड़ी और माचिस पर जो टैक्स बढ़ा है इसमें कुछ संशोधन किया जाय।

सहडोल जिला जंगलों से भरपूर है सदियों से वहां के जंगलों को दोहन किया गया है। लेकिन जिस रेशियों से उसका दोहन किया गया है उस रेशियो से उसका विकास एक नये पैसे के बराबर नहीं हुआ है। वहां बिड़ला की अमलई पेपर मिल है और वहां के लोगों को जो जंगलों में बांस और लकड़ी काटते हैं उनको डेढ़ रु० प्रति दिन मजदूरी दी जाती है। आज वहां के मजदूरों ने मिल मैनेजमेंट से कुछ पैसे बढ़ाने की जब मांग की तो उसको मना कर दिया गया है और उनकी कोई बात नहीं सुनता है। मैंने केन्द्रीय और प्रान्तीय सरकार से इस बारे में बहुत कहा लेकिन मैनेजमेंट कोई ध्यान नहीं देता। इसलिये मेरा निवेदन है कि अगर गैर-बराबरी दूर करनी है तो तत्काल छोटे तबके के लोगों को राहत पहुचायी जाय और बिड़ला मैनेजमेंट के साथ समझौता करा कर उन कामगारों को काम पर वापस लिया जाय और अमलई पेपर मिल को सरकार अपने हाथ में ले ले। क्योंकि बहुत दोहन हुआ है वहां की वन सम्पदा का। वहां की सारी की सारी लकड़ी और बांस कट चुके हैं वहां के लोगों को जलाने के लिये लकड़ी तक नहीं मिलती है जब कि वहां के लोग एक मात्र लकड़ी बेच कर ही अपना पेट पालते हैं। इसलिये उस पेपर मिल को सरकार अपने हाथ में ले लें और प्रान्तीय सरकार को केन्द्रीय सरकार दबाव दें कर वहां की समस्या का हल करे क्योंकि आज 18 दिन हो गये हैं वहां दो व्यक्ति आमरण अनशन पर हैं। वह लोग अगर मर जायेंगे तो कौन जिम्मेवार होगा ? इसलिये मैं प्रार्थना करता हूं कि सारी समस्याओं को आप हल करें।

श्री वी० जी० हांडे (नासिक) : उपाध्यक्ष महोदय, हमारे उप प्रधान एव वित्त मंत्री ने जो बजट पेश किया है वह परम्परागत चले आ रहे बजट जैसा ही है, उसमें कोई मूलभूत परिवर्तन की बात मंत्री जी नहीं लाये हैं। इसमें थोड़ी भिन्नता कहीं जरूर है लेकिन मूलभूत परिवर्तन उस बजट में नहीं है। पिछली गवर्नमेंट हो या यह गवर्नमेंट इस सिद्धान्त की बात तो करते हैं, लेकिन इस गवर्नमेंट ने भी वही किया है इस बजट में।

वित्त मंत्री जी ने बताया है कि खेती में रोजगार पैदा करने और अधिकांश लोगों को क्रय शक्ति प्रदान करने की सबसे अधिक क्षमता है। ऐसा वह बोलते तो हैं, लेकिन उसके लिये बजट में कोई खास व्यवस्था है, इसका उत्तर बजट में नहीं मिलता है। जो कुछ किया है वह तो यही है कि खासकर दूसरी परियोजना पर जो पूंजी पर लागत आई है, वही लागत खेती, ग्रामोद्योग और दूसरी योजना पर लगाई है। आपने यह देखा होगा कि इस योजना में तो पिछले साल की योजना से ज्यादा लागत 7.4 प्रतिशत है, कम से कम इतनी ही लागत ज्यादा खेती और ग्राम विकास के लिये जरूरी थी लेकिन बजट में 3 प्रतिशत ही वृद्धि हुई। खेती और ग्राम विकास की दर में 3 प्रतिशत की वृद्धि हुई। सिचाई में 6 परसेंट वृद्धि हुई है। ऐसा मालूम होता है कि सर्व-साधारण जो बजट में बढ़ती हुई है, वही वह खेती और सिचाई के लिये रखना चाहते हैं।

इतना ही नहीं यह देखने में आयेगा कि इस खेती की योजना पर जो पूंजी लगाई गई है उस में ज्यादा से ज्यादा पूंजी छोटे और मध्यम किसानों के लिये लगाई जानी चाहिये थी, परन्तु वह बहुत कम है। यह सब आंकड़ों में है। यह बड़े खेद और दुख की बात है। जो आंकड़े बताये हैं, वह ऐसा बताते हैं कि थोक कीमतों के सूचकांक में वृद्धि नहीं हुई है और जो हुई है, वह बिल्कुल मामूली है। ऐसा बताया गया है कि कीमतों में इतनी अधिक स्थिरता रख पाने का रिकार्ड दुनिया में कहीं भी मिलना कठिन होगा।

वित्त मंत्री खासकर किसानों के लीडर अपने को मानते हैं और दूसरे लोग भी उनको मानते हैं, उनको यह सोचना चाहिये कि क्या यह सही बात है ? यह सोचना चाहिये कि यह किस की कास्ट पर भाव में रुकावट हुई है। इकनामिक सर्वे में दिये गये आंकड़े बता पायेंगे कि प्राइस स्टेबिलिटी के लिये अप्रैल से दिसम्बर 1978 तक जो 9 महीने हैं उसमें सापेक्ष

स्थिरता क्या है। इन 9 महीने में कपास के जो भाव हैं, उसमें 13.5 परसैंट की गिरावट हुई है। तिलहन में 14.6 परसैंट, फल और सब्जियों में 8.2 परसेंट, खाद्य वस्तुओं में 16 परसेंट और चीनी तथा गुड़ में 23 परसेंट गिरावट हुई। थोक कीमतों के कुल भारांश में इन चीजों का अपना अंश 36.7 परसेंट है। इस प्रकार कीमतों को स्थिर रखने में कृषि-उत्पादन की प्राइसिज गिरने का काफ़ी योगदान है। यह स्टैबिलिटी किस की कास्ट पर रखी गई है? किसानों की पैदावार की प्राइस गिर गई है और औद्योगिक चीजों की प्राइस बढ़ गई है। क्या यह स्थिरता है? इकानोमिक रीव्यू के पेज 101 पर जो आंकड़े दिये गये हैं, उनसे पता चलता है कि अप्रैल से दिसम्बर, 1978 के नौ महीनों में मैनुफ़ेक्चर्ड गुड्ज के इनडेक्स नम्बर का औसत 178.3 पायंट है, जबकि कृषि उत्पादन का सूचकांक 172.5 है—लगभग 6 पायंट का फ़र्क है। इसका मतलब यह है कि कृषि-उत्पादन की जो प्राइस मिली है, वह औद्योगिक माल की कीमत से 6पायंट कम मिली है। राष्ट्रीय उत्पादन में कृषि का उत्पादन 44 से 45 परसेंट है। अगर हम कैलकुलेशन करें, तो पता चलेगा कि इंडस्ट्रियल गुड्ज की तुलना में किसानों की पैदा की हुई वस्तुओं का मूल्य 1160 करोड़ रुपये कम मिला। इसका मतलब यह है कि इन नौ महीनों में किसानों को 1160 करोड़ कम मिले हैं। किसानों की इतनी लूट हुई है।

एग्रीकल्चरिस्ट्स की कास्ट पर इंडस्ट्रियल गुड्ज की कीमतें बढ़ाई गई हैं। किसानों की उपज की कीमत में गिरावट होती है, उससे प्राइमिज की स्टैबलिटी होती है और सरकार उस पर अभिमान करती है। क्या यह बात अच्छी है?

चीनी के दामों में गिरावट के कारण उत्पादन-शुल्क में 105 करोड़ रुपये की कमी हुई है। बारह राज्यों के मुख्य मंत्रियों ने प्रधान मंत्री को यह मेमोरेंडम दिया है कि चीनी के दामों में कमी के कारण चीनी मिलों को 300 करोड़ रुपये कम मिलेंगे और किसानों को 200 करोड़ रुपये कम मिलेंगे।

कपास की भी यही स्थिति है। कपास के भाव गिर रहे हैं और किसान को रीम्युनरेटिव प्राइस नहीं मिल रही है। गवर्नमेंट ने पिछले साल काटन कार्पोरेशन आफ़ इंडिया को विदेशों से कपास लाने के लिये करोड़ों रुपयों की सबसिडी दी और उसने कपास का आयात किया। फिर इधर क्या किया कि इधर आ कर वह कपास मिलों को सस्ते दाम पर बेचा। उस में 15 करोड़ का घाटा आया। वह घाटा हमारी गवर्नमेंट ने इस बजट में सी० सी० आई० को देने के लिए रखा है। इधर कपास के दाम घटे हैं। किसान को फायदा नहीं हुआ है। ऐसी हालत में सी० सी० आई० किसान के खिलाफ काम कर रहा है। बाहर से कपास लाता है, उस में करोड़ों रुपये की सब्सिडी सरकार से लेता है और 15 करोड़ रुपये का जो घाटा है उसे सरकार पूरा कर रही है। तो इस पर प्रतिबन्ध होना चाहिये और यह चीज बन्द होनी चाहिये। यह किसान के खिलाफ है।

इधर कुछ ऐसी बहस हुई है कि यह वर्ग संघर्ष का बजट है या कुलक का बजट है, बड़े किसानों का बजट है। लेकिन मैं कहता हूं कि इसमें किसानों के लिये क्या है? उनके लिए तो कभी कुछ होता नहीं है। केवल उर्वरक पर जो उत्पाद शुल्क है उसमें 50 परसेंट छोड़ दिया है तो उस से बोलते हैं कि किसानों को बहुत दे दिया। केवल 105 करोड़ रुपया इस तरह से छूट दी है जब कि निर्यात सवर्द्धन और बाजार विकास के लिए बड़ी-बड़ी कम्पनियों को इंडस्ट्रियल गुड्स के ऊपर 315 करोड़ रुपये की सब्सिडी दी है। बड़े-बड़े उद्योगपति जो माल तैयार करते हैं उस के लिए 315 करोड़ की सब्सिडी दी है और 52 करोड़ रुपये मिलों को सस्ता कपड़ा देने के लिए दिया है। हम तो यह कहते हैं कि उर्वरक के ऊपर जो उत्पाद शुल्क है वह सब हटा देना चाहिए। वह 151 करोड़ रुपये है और सीमा शुल्क 80 करोड़ रुपये है, यह दोनों हटा देना चाहिये। आप ने दूसरी वस्तुओं के लिए यह सब किया है। मैं दो वस्तुओं के नाम बताता हूं। एक तो जो मिनि-सीमेंट फैक्ट्रीज लगी हैं उस में आप नें सहूलियतें दी हैं। उस की सीमेंट कट्रोल में नहीं आएगी और 30 रुपये टन उन को ज्यादा मिलेगा। उसके लिए 50 प्रतिशत उत्पादन शुल्क में छूट आप ने दे दी और स्टील एथारिटी आफ इंडिया जो बाहर से स्टील लाएगा बफर स्टाक करने के लिए उस के ऊपर 100 परसेंट सीमा शुल्क की छूट आप ने दे दी। तो फिर किसानों के लिए जो यह उर्वरक है जो उत्पादन के लिए बहुत ही आवश्यक है, उस के ऊपर यह छूट क्यों नहीं देते हैं। मेरा यह कहना है कि उर्वरक पर यह छूट देना बहुत जरूरी है।

अंत में मैं इतना ही कहूंगा, जैसा कि हमारे और मित्र भी बोले हैं, मिट्टी के तेल, दियासलाई और बीड़ो जो कामन मैन के इस्तेमाल की चीजें हैं इन के ऊपर टैक्स नहीं लगाना चाहिए। जो कारपोरेट टैक्स हैं वह आप ने केवल 6 प्रतिशत बढ़ाया है और जो बड़े-बड़े कारपोरेशंस हैं, बड़े-बड़े पूंजीपति हैं उन के ऊपर आपने टैक्स नहीं लगाया है। जो कामन मैन है इन्डायरेक्ट टैक्स उसको देना पड़ता है। वह सब को बराबर देना पड़ता है। इसलिए जो कामन मैन के इस्तेमाल की चीजें हैं उन के ऊपर टैक्स कम कर दें, वह करना बहुत जरूरी है।

इन शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।

श्री मनोहर लाल (कानपुर) : मैं, उपाध्यक्ष महोदय, माननीय उपप्रधान मंत्री जी और वित्त मंत्री जी ने जो बजट प्रस्तुत किया है उसका समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूं। दो-तीन दिन से इस बजट पर चर्चा चल रही है। इस बजट के बारे में विपक्ष की तरफ से यह कहा गया है कि यह कुलक का बजट है, यह मोस्ट अनपोपुलर बजट है। यह किसानों और काश्तकारों का बजट नहीं है बल्कि पूंजीपतियों का बजट है। इस तरह की बातें यहां सुनने में आयी हैं। लेकिन मैं यह कहना चाहता हूं कि आदरणीय उपप्रधान मंत्री जी ने जो बजट प्रस्तुत किया है यह एक असाधारण कदम है और एक असाधारण बजट है और उसी की वजह से आज इस तरह की बातें सुनने में आ रही हैं।

[श्री मनोहर लाल]

आजादी मिलने के बाद से भारत के इतिहास में इस तरह के बजट को प्रस्तुत करने का काम एक काश्तकार के बेटे को मिला है, गांव में रहने वाले पिता के एक बेटे को मिला है। इसलिए हम इस बजट का स्वागत करते हैं। अक्सर यह कहा जाता था कि हमें उन करोड़ों-करोड़ों किसानों, गांवों में रहने वाले काश्तकारों से हमदर्दी है और हम उनके लिए उपाय करेंगे लेकिन जब भी बजट की बात आती थी तो उसमें उनकी तरफ़ कोई ध्यान नहीं दिया जाता था। यह पहली बार हुआ है कि किसानों की तरफ़ ध्यान दिया गया है। मैं यह नहीं कहता कि यह मूलतः किसानों का बजट है। लेकिन हम यह जरूर कहते हैं कि चौधरी साहब ने एक ऐसा कदम उठाया है जिससे कि 80 प्रतिशत लोग जो गांवों में रहते हैं, उनको बहुत कुछ राहत इस बजट में दी गयी है। यह भी कहा गया है कि उन बड़े-बड़े काश्तकारों को छूट दी गयी है और आम काश्तकारों को इससे कोई राहत नहीं मिली है। हम समझते हैं कि यह बात बिल्कुल गलत है। इस में ऐसी बात नहीं है कि जिससे कि बड़े-बड़े काश्तकार भाइयों को ही राहत मिली हो बल्कि इस से सभी काश्तकारों को राहत मिलेगी। इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि यह कुलक बजट नहीं है, यह मोस्ट अनपोपुलर बजट नहीं है। इसको कुलक बजट बताना बिल्कुल गलत है, न्यायसंगत नहीं है। हम इस बजट का समर्थन करते हैं। जो इन बातों में विश्वास करते हैं कि गावों को आगे बढ़ाना है, गांवों की 80 प्रतिशत जनता को आगे बढ़ाना है, उनकी आमदनी पर जो एक बहुत बड़ी सीमा लग चुकी है, एक खाई उनके लिए बन चुकी है, उस खाई को अगर पाटना है तो यह जरूरी है कि उनकी तरफ़ ध्यान दिया जाए। अगर हम भारतीय सभ्यता और संस्कृति की तरफ़ देखें, आज से तीस-चालीस साल पहले की बातें जो हम किताबों में पढ़ते हैं तो हमें पता चलता है कि हमारे भारत देश में दूध की नदियां बहती थीं। ये नदियां कहां बहती थीं? ये नदियां जहां देश की 80 प्रतिशत जनता रहती है, उन गांवों में बहती थीं। गांवों में लोग टूथ पेस्ट या टूथ ब्रुश का इस्तेमाल नहीं करते थे। वहां लोग मंजन का इस्तेमाल करते थे। गांवों में ऐसी चीजें इस्तेमाल नहीं की जाती थीं जो आजकल सुबह और शाम इस्तेमाल की जाती हैं और जिनके इस्तेमाल करने से हम अपने आप को प्रोग्रेसिव कहते हैं और कहते हैं कि देश आगे बढ़ रहा है। मैं समझता हूं कि ऐसा कहने वाले लोग बहुत बड़े अंधकार में हैं। हमें इन गांवों की तरफ देखना होगा।

आज हमारे गांवों में रहने वाले साथी भी कुछ शहर वालों की नकल करने लगे हैं। मिसाल के तौर पर टूथ ब्रुश और टूथ पेस्ट को ले लीजिए। इन पर अगर टैक्स बढ़ा दिया गया हो कह दिया गया कि यह कुलक बजट है। या मिट्टी के तेल पर टैक्स बढ़ाने से कह दिया गया कि यह कुलक बजट है, यह मोस्ट अनपोपुलर बजट है। मैं कहना चाहता हूं कि गांवों में रहने वाले जो हमारे साथी इन सब चीजों की नकल करते हैं, वे भी शहर वालों की तरह अपव्यय करते हैं और इस अपव्यय को रोकने के लिए ही इन पर अंकुश लगाया गया है। इसमें कोई गलत बात नहीं है।

जैसा कि बजट में यह कहा गया है कि हमारे पास जो सीमित साधन हैं उन साधनों के माध्यम से हमें देश के उत्पादन को बढ़ाना है और उसको बढ़ा कर हमें देश के काश्तकारों की क्रयशक्ति को बढ़ाना है, देश की आर्थिक स्थिति को सुधारना है तो हमें सरकारी और गैर-सरकारी अपव्ययों को रोकना होगा। इस बजट में ऐसी ही आइटम्स पर टैक्स बढ़ाया गया है जो कि अपव्यय को बढ़ाने वाली हैं। इस सम्बन्ध में हमारा एक निवेदन है कि हमारी पब्लिक अण्डरटेकिंग्स में जो अपव्यय हो रहा है उस को भी रोका जाना चाहिये। जितने भी हमारे अण्डरटेकिंग्स हैं उनमें बहुत बड़ी मात्रा में अपव्यय हो रहा है और उस अव्यय को रोकना बहुत आवश्यक है। सरकारी कामकाज में भी अपव्यय है और उस के लिए वित्त मंत्री जी ने घोषणा की है कि इसके लिए एक आयोग बिठाया जाएगा जो सरकारी महकमों और केन्द्र सरकार के महकमों के खर्च पर ध्यान रखेगा। यह भी एक सराहनीय कदम है। यह आयोग यह देखे कि जो भी सेण्ट्रल गवर्नमेंट बजट पास करती है, उसका सही ढंग से इस्तेमाल हो रहा है या नहीं। इसके लिए आयोग की स्थापना एक सराहनीय कदम है और इसका हम सभी को स्वागत करना चाहिये।

जैसा कि हमने पहले ही कहा है कि इस बजट का हम कुल मिला कर स्वागत करते हैं और उम्मीद करते हैं कि हमारे गांवों में रहने वाले भाइयों की दशा में इससे सुधार होगा और उनकी क्रय शक्ति बढ़ेगी। उनकी क्रय शक्ति बढ़ने के साथ साथ देश की आर्थिक और सामाजिक हालत भी ऊपर उठेगी ऐसी मैं उम्मीद करता हूं।

14.10 hrs.

[SHRI N. K. SHEJWALKAR *in the Chair*]

विलासितापूर्ण व्यय पर मैं चाहता हूं कि क्रूरतापूर्ण अंकुश लगे। आपने बड़े-बड़े होटलों में ठहरने वाले लोगों पर टैक्स लगाया है। यह बहुत अच्छा किया है। आप देखें कि मुश्किल से पांच या आठ प्रतिशत लोग ही बड़े-बड़े होटलों में ठहरते हैं। वहां वे अनापशनाप खर्च करते हैं। टैक्स कुछ बढ़ जाने के बाद भी लोग उन होटलों में रहते हैं और उनकी तादाद में कोई कमी नहीं आई है और न ही आएगी यह मैं समझता हूं। उनका गांवों से कोई वास्ता नहीं है, उनका अस्सी प्रतिशत जनता की तरफ कोई ध्यान नहीं, वे विलासितापूर्ण चीजों में ही मशगूल रहते हैं और समझते हैं कि हिन्दुस्तान के लोग गरीब नहीं हैं बल्कि आगे बढ़ रहे हैं। मैं समझता हूं कि यह एक असाधारण कदम आपने उठाया है और इसका मैं स्वागत करता हूं।

मैं यह नहीं कहता हूं कि इस बजट से हिन्दुस्तान की गरीबी खत्म हो जाएगी, बेरोजगारी पूरी तरह से मिट जाएगी या अस्सी प्रतिशत जनता को रोजगार मिल जाएगा । गांवों में जो लोग हायर सैकेण्डरी या हाई स्कूल या इंटर पास कर लेते थे वे शहरों की तरफ भागते थे । शहरों में बी० ए० और एम० ए० पास करने के बाद शहरी लोग भी उनके साथ मिल कर नौकरी की तलाश में घूमते थे । चूंकि दोनों नौकरी की तलाश में दौड़ते थे इसलिए अनएम्प्लायमेंट बढ़ता जाता था । अब जब आप गांवों की तरफ ध्यान देंगे और वहां छोटे छोटे उद्योग धंधों को प्रोत्साहन देंगे और देखेंगे कि खेती का अधिक उत्पादन हो तो यह निश्चित बात है कि गांव के जो लड़के हैं वे शहरों की तरफ नौकरी की तलाश में नहीं भागेंगे । वहीं रहेंगे और शहर वालों के साथ नौकरी के लिए गांवों के जो लोग आ जाते थे उस में कमी आएगी । गांवों में रहने वाले नौजवानों को वहीं रोजगार मिल जाएगा इन छोटे उद्योग धंधों के माध्यम से ऐसी मैं आशा करता हूं ।

रासायनिक उर्वरकों में आपने पचास प्रतिशत तक की टैक्सों में छूट दी है । यह कहा गया है कि इस से बड़े बड़े काश्तकारों को ही लाभ होगा । लेकिन मैं कहता हूं कि वहां छोटे से लेकर बड़े काश्तकार तक सभी लोग उर्वरकों का इस्तेमाल करते हैं और उत्पादन बढ़ाने की कोशिश करते हैं । खेती के लिए सब से आवश्यक चीज पानी और उर्वरक होते हैं । सिचाई के मामले में काश्तकारों को बहुत दिक्कत का सामना करना पड़ता है । यह बिजली की कमी के कारण हो या ट्यूबवैल्ज के न होने के कारण हो या नहरों की व्यवस्था कम होने के कारण हो, सब से आवश्यक चीज यह है कि सिचाई के साधनों को बढ़ाया जाए । पिछले साल बजट में 28 लाख हैक्टर जमीन को सींचने की व्यवस्था की गई थी जिस को इस बार बढ़ा कर 32 लाख हैक्टर कर दिया गया है । किसान को अगर अधिक पानी मिलेगा और सस्ता उर्वरक मिलेगा तो उसका उत्पादन बढ़ेगा । अस्सी प्रतिशत के यहां और अधिक उत्पादन होगा तो उनकी क्रय शक्ति बढ़ेगी और उनकी जो गरीबी चली आ रही है उसको इससे दूर करने में मदद मिलेगी, ऐसी मैं आशा करता हूं ।

यह अन्तर्राष्ट्रीय बाल वर्ष है और यह कहा जाता है कि इस बाल वर्ष में बिस्कुट, चाकलेट जो बच्चे खाते हैं उन पर टैक्स लगा दिया गया है और ऐसा करके बच्चों के साथ अन्याय किया गया है । यह सही बात है कि अन्याय हुआ है । लेकिन मैं पूछता हूं कि देश के करोड़ों बच्चे जो गांवों में रहते हैं या शहरों में भी रहते हैं क्या उनको ये चीजें नसीब होती हैं ? वे चाकलेट का नाम भी नहीं जानते होंगे । आज से 40–50 साल पहले वही बच्चे दूध पीते थे उनको भी बिस्कुट चाकलेट नहीं मिलते थे । अभी भी करोड़ों बच्चे हैं जिन को दूध नसीब नहीं होता है । ढाई तीन हजार रुपये कमाने वाले मध्यम वर्ग के लोग अपने बच्चों को दोपहर के खाने के बाद बिस्कुट की व्यवस्था नहीं कर पाते हैं । इस वास्ते यह कहना कि इस अन्तर्राष्ट्रीय बाल वर्ष के अवसर पर बिस्कुट पर और चाकलेट पर टैक्स जो बढ़ा दिया गया है ऐसा करके वित्त मंत्री ने बच्चों के साथ अन्याय किया है, यह बात मेरी समझ में नहीं आती है । हम तो यह समझते हैं कि अगर बिस्कुट पर टैक्स लगाया गया है तो दूसरी तरफ यह भी प्रावधान किया गया है कि डेरीज के माध्यम से बच्चों को दूध मिल सके और गांवों तथा शहरों में रहने वाले लोगों को जानवरों के माध्यम से डेरीज खोलने की व्यवस्था की गई है । और इस बजट में ऐसी व्यवस्था की गई है कि जो गांवों में छोटे धंधे लगेंगे उन पर इन्कम टैक्स नहीं लिया जायेगा । मिसाल के तौर पर खादी बोर्ड के माध्यम से बना हुआ कपड़ा इन्कम टैक्स से मुक्त कर दिया गया । इससे नौजवानों को रोजगार मिलेगा ।

इस बजट के माध्यम से बहुत से ऐसे पहलू हैं जिन पर पहले ध्यान नहीं दिया गया था लेकिन अब दिया गया है । आज जब एक काश्तकार के बेटे के माध्यम से यह बजट पेश किया गया है तो हमारे देश के लोगों का सौभाग्य है कि इस बजट को पेश कर के माननीय चौधरी साहब ने एक नई दिशा की तरफ कदम बढ़ाया है जिस से आशा है कि आने वाले सालों में देश तरक्की कर सकेगा और जिस भारतवर्ष को हम सोने की चिड़िया के नाम से पढ़ते रहे हैं उस तरफ बढ़ेंगे और अपनी सभ्यता और संस्कृति के माध्यम से एक अच्छे ढांचे का निर्माण कर के देश की सेवा कर सकेंगे और उस खाई को पाट सकेंगे जो बराबर बढ़ती चली जा रही है । हमें उम्मीद है कि इस पर वित्त मंत्री जी जरूर ध्यान देंगे ।

बहुत से साथियों ने कहा है कि मिट्टी के तेल पर, साबुन और बीड़ी, माचिस पर टैक्स लगाने से यह बजट मोस्ट अनपापुलर हो गया है । लेकिन दूसरी तरफ 10 लाख काश्तकारों को जो तम्बाकू का उत्पादन करते हैं उनको सेण्ट्रल ऐक्साइज ड्यूटी से कतई माफ़ कर दिया गया है जिससे 10 लाख काश्तकारों को राहत मिली है जो कि पहले नहीं थी और ऐक्साइज के कर्मचारी उन काश्तकारों को परेशान करते थे । आज उनकी वह परेशानी समाप्त हो गई है ।

यह बात सही है कि बीड़ी, सिगरेट, मिट्टी का तेल और साबुन पर टैक्स लगा दिया है । मिट्टी के तेल पर टैक्स लगाने की बात यह कही गई है कि चूंकि डीजल में उसको मिला दिया जाता है जिसकी वजह से पंपिंग सैट खराब हो जाते हैं । यह बात सही है कि जो लोग नाजायज तरीके से पैसा पैदा करते हैं वही लोग ऐसी मिलावट करते हैं । लेकिन साथ ही गांवों में रहने वाले करोड़ों लोग मिट्टी का तेल इस्तेमाल करते हैं । इसलिए अगर मिट्टी के तेल पर से, साबुन पर से टैक्स हटा लेने से यह बजट पापुलर हो जायगा, कुलक बजट नहीं रहेगा, तो मैं वित्त मंत्री जी से कहूंगा कि वह मिट्टी के तेल पर से टैक्स हटा दें और साथ ही बीड़ी माचिस, साबुन पर भी जो टैक्स बढ़ाया गया है उसको वापस ले लें । अगर ऐसा कर दिया जाता है तो जो अभी मोस्ट अनपापुलर और कुलक बजट कहा जा रहा है वह समाप्त हो जायगा ।

[श्री मनोहर लाल]

इन शब्दों के साथ मैं इस बजट का समर्थन करता हूं और आशा करता हूं कि यह देश आगे बढ़ेगा और देश के विकास की गति और आगे बढ़ेगी ।

श्री सैयद लियाकत हुसैन (फतेहपूर) : आदरणीय सभापति महोदय, मैं आपको व सभी सांसदों को होली की दिली मुबारकबाद पेश करता हूं और आप सब के लिये खुशियों की और इस बजट के जरिये देश की तरक्की की कामना करता हूं ।

मैं यह कहना चाहता हूं कि जो बजट माननीय चौधरी साहब ने पेश किया है इसके पहले इतना अच्छा बजट जिससे गरीबों को राहत हो । गरीब जो दूर दराज देहातों में रहते हैं उनको राहत हो । कभी पेश नहीं किया गया है । और मैं कहूंगा कि यह निहायत पापुलर बजट है । यह पीपल्स बजट है। यह कहा जा रहा है कि यह एंटी–पीपल और रौटन बजट है। मैं ऐसे लोगों से कहूंगा कि एक मर्तबा बजट पर गौर करें और देखें कि सचमुच में इस बजट के द्वारा गरीबों को राहत मिलती है या नहीं ।

मैं यह गुजारिश करूंगा कि हिन्दुस्तान की 80 फी सदी जनता देहात में रहती है और जब हम गरीबी देखते हैं तो हमको देखना चाहिये कि सचमुच में गरीबी कहां पर है । आज देहात में गरीबी की इन्तिहा किस हद तक पहुंच गई है ? जाड़े में उनको ओढ़ने के लिये रजाई नहीं है, यह हाल हमारे देश के गांव में है । मैं यह अर्ज करना चाहूंगा कि कैसे इस बजट के जरिये से गरीबी को दूर करने की कोशिश की गई है ।

देहात में जो आदमी सड़क बनाता है, नहर बनाता है, सिर पर मिट्टी ढोता है, गरीब और मजदूर है, उनके लिये फूड फार वर्कस्कीम के तहत 50 करोड़ रुपये एलाट किये गये हैं । मैं समझता हूं कि यह राहत गरीब मजदूर सड़क पर मिट्टी ढोने वाले के लिये है । यह स्कीम बड़ी अच्छी है लेकिन मैं अपने वित्त मंत्री जी से कहूंगा कि इस पर थोड़ी चौकसी बरतने की जरूरत है कि हमारा फूड जाता है, तो कहां जाता है । कहीं एग्जीक्यूटिव मशीनरी उसका गलत इस्तेमाल तो नहीं कर रही है ।

अभी हमारे यहां फतेहपुर में 120 क्विंटल गेहूं एफ० सी० आई० के गोडाउन कीपर और पी० डब्लू० डी० के स्टोर कीपर की सांठगाठ की वजह से बजाय मजदूरों को दिये जाने के ट्रेडर को बेचा जा रहा था । जनता पार्टी के एक वर्कर की इन्फार्मिशन पर कलैक्टर साहब के कहने पर वर्मा नाम के एक सब इंस्पेक्टर आफ पुलिस ने उसे पकड़ा । 120 क्विंटल गेहू बजाय गरीब और मजदूर को मिलने के ट्रेडर के हाथ में जा रहा था । मैं चाहूंगा कि इस किस्म की इर्रेगुलरिटीज को दूर किया जाये ताकि गरीब को राहत मिल सके ।

नेशनल डेरी के लिये 32 करोड़ रुपये का बजट में एलाटमैंट हुआ है । दूध का काम कौन करता है ? दूध का काम गरीब करता है, । गांव में लोग दूध पैदा करते हैं और शहरों में ले जाते हैं । इससे भी गरीबों की ही राहत होगी । इस तरह से जो शहर में रहता है वह भी नेशनल डेरी से फायदा उठायेगा और देहात वाला भी । दोनों के लिये इसमें प्रावीजन किया गया है और दोनों इससे फायदा उठा सकते हैं ।

ड्रिंकिंग वाटर के लिये 80 करोड़ रुपया एलाट हुआ है । देहात में बहुत से ऐसे गांव हैं जहां गर्मियों में पीने का पानी नहीं मिलता । पानी के नाम पर कीचड़ आता है । शहरी लोगों को पानी मिल जाता है लेकिन देहात में नहीं मिलता है । मैं फाइनेन्स मिनिस्टर साहब को मुबारकबाद देना चाहूंगा कि उन्होंने गांवों तक पीने के पानी की सहूलियत पहुंचाई है ।

शड्यूल्ड कास्ट्स और वैकवर्ड क्लासेज के लिये 117 करोड़ रुपये का बजट में एलाटमेंट किया गया है और उसमें उनके इकनामिक वैलफेयर की स्कीम बनाई गई है । शेड्यूल्ड कास्ट्स सब गरीब हैं । अभी तक जो लैंडलैस एग्रीकल्चरल लेबरर्स की बात कही गई है, कोई ऐसा प्रोवीजन नहीं किया गया था जिससे उनको राहत मिलती लेकिन जो स्पेशल प्रोग्राम उनके लिये अब रखा गया है, उससे हमें उम्मीद और विश्वास है कि जो बेचारे परेशान हैं, गरीब का जीवन बिता रहा है जो शड्यूल्ड कास्ट्स हैं, उनको इससे जरूर राहत मिलेगी और उनकी तरक्की व खुशहाली होगी ।

स्लम क्लीयरेंस के लिये 190 करोड़ रुपये का एलाटमेंट किया गया है । इस स्कीम से शहर की गन्दगी दूर होगी । स्लम क्लीयरेंस भी गरीबों को गंदगी से निकालने की स्कीम है और इससे अच्छी और साफ सुथरी बस्ती मिलेगी ।

इसी तरह से बहुत कुछ एग्जम्शन्स भी दवाओं में दिये गये हैं । अभी एक साहब ने कहा कि मिडिल क्लासेज के लिये क्या दिया गया है । ड्रग्ज में 75 परसैंट से कम करके 25 परसैंट एक्साइज ड्यटी की गई है । लाइफ सेविंग ड्रग्ज इन्सान की जिन्दगी के लिये जरूरी है । उनको मिडिल क्लास की ही नहीं सब इस्तेमाल करते हैं । यह नहीं है कि कोई एक खास तबका ही उसका इस्तेमाल करता है । ऐसा करके एक अच्छा काम हमारे डिप्टी प्राइम मिनिस्टर साहब ने किया है, इसके लिये मैं उनको मुबारकबाद देता हूं ।

कार्पेट और हैंडलूम इंडस्ट्री पर से ड्यूटी को खत्म करके इस गरीबों की खुशहाली की तरफ कदम बढ़ाया गया है कि जो मजदूर कार्पेट और हैंडलूम फैक्ट्री इंडस्ट्री में काम करते हैं उन्हें राहत मिले । इस का फायदा यह होगा कि सामान सस्ते दामों पर मिलेगा, प्रोडक्शन बढ़ेगा, एक्सपोर्ट में भी सहूलियत मिलेगी और हमारे मुल्क की तरक्की होगी ।

इस बजट में इंडियन लैंग्वेजिज के बारे में जो प्राविजन किया गया है, उसके सिलसिले में मैं, यह गुजारिश करूंगा कि इंडियन लैंग्वेजिज में एक भाषा उर्दू भी है । उर्दू के बारे में पिछले 31 सालों में बातें

तो बहुत कुछ की गयीं, लेकिन असल में इस लैंग्वेज के लिए कुछ नहीं किया गया। यह वह लैंग्वेज है, जिसने हिन्दुस्तान को "इनक्लाब जिन्दाबाद" के नारे से बेदार किया। यह वह लैंग्वेज है, जिस ने "सारे जहां से अच्छा हिन्दुस्तां हमारा" का तराना दिया है, जिस को हिन्दुस्तान के कोने कोने में लोग जानते हैं। लेकिन इस लैंग्वेज की कुछ तरक्की करने की बजाय समाप्त करने की कोशिश की गई है। इस को इलैक्शन परपजिज के लिए एक्सप्लायट किया गया है। उर्दू को डेवलेप करने की बजाए जो उस की हैसियत थी, उस को वहां से नीचे गिराया गया है।

मैं डिपुटी प्राइम मिनिस्टर साहब को मुबारकबाद दूंगा कि उन्हों ने दूसरी जुबानों की तरह उर्दू के लिए भी टीचिंग और रिसर्च सैंटर कायम करने का प्राविजन किया है। इस के अलावा इस के प्रोमोशन के लिए ब्योरों कायम करने का इन्तजाम किया गया है जहां रेफरेंस बुक्स लिट्रेचर और टेकस्ट बुक्स तैयार करने का काम होगा। मैं चाहूंगा कि इस लैंग्वेज को उसका पहले सा स्टेटस दिया जाये।

देश तभी तरक्की करेगा, जब देश के सभी लोगों की तरक्की होगी, चाहे वे किसी कास्ट, किसी कम्युनिटी या किसी भी क्लास के हों।

मैं हाउस को यह बताना चाहता हूं, कि कभी कभी माईनारिटी कम्युनिटी यह महसूस करती है कि नौकरियों में उनके साथ इन्साफ नहीं किया जा रहा है। में एक मिसाल देना चाहता हूं कि अभी उत्तर प्रदेश में सब-इस्पैक्टर आफ पुलिस की भर्ती हुई, जिस में 500 में से सिर्फ 5 सब-इस्पैक्टर आफ पुलिस माइनारिटी कम्युनिटी के लिये गये। आज से तीन महीने पहले यू० पी० में होम मिनिस्टर ने यह स्टेटमेंट दिया था कि 1947 में माइनारिटी कम्युनिटी का परसेंटेड पुलिस डिपार्टमेंट में 33 फीसदी था, लेकिन अब वह घट कर लगभग 8 परसेन्ट हो गया है। मैं चाहूंगा कि कम से कम यह इन्तजाम किया जाये कि इस प्रकार की तफरीक समाप्त हो। हर फिरके को तनासुब व मैरिट के लिहाज से उस का हक जरूर दिया जाये। ऐसा न हो कि इस मुल्क का एक सैक्शन तो नीचे जा रहा हो और दूसरा सैक्शन ऊपर जा रहा है। इस इमबैलैंस को दूर किया जाना चाहिए।

मैं फतेहपुर से चुनाव जीत कर आया हूं। इसलिये मैं उस के बारे में गुजारिश करूंगा कि फतेहपुर जिला गंगा और जमुना के दरमियान स्थित है दोआबा है। वहां दो नदियां बहती चली जाती हैं, मगर वहां पानी का इन्तजाम नहीं है और वहां के खेत सूखा करते हैं। यह जिला इलाहबाद और कानपुर दो बड़े जिलों के बीच में है। कानपुर एक इंडस्ट्रियल सिटी है और इलाहबाद का इंडस्ट्रियलाइजेशन हो रहा है। लेकिन फतेहपुर बैकवर्ड है। वहां कोई इंडस्ट्री नहीं है, सड़कों नहीं हैं और सिंचाई का कोई साधन नहीं है,। हालत य ह है कि वहां पर कोई पोस्ट-ग्रेजुएट कालेज भी नहीं है। वहां पर गरीबी की हालत यह है कि आज भी ऐसे ोग हैं, जिन्होंने रेलगाड़ी में सफर नहीं किया है। सलिये यह जरूरी है कि वहां की तरक्की के लिए डस्ट्रियलाइजेशन किया जाये, ताकि वहां के लोग भी गरीबी से नजात पायें और उन को भी मालूम हो कि हमारी जनता सरकार ने वह काम किया है, जो तीस सालों में कांग्रेस सरकार ने नहीं किया। मेरी ही कांस्टीच्यूएंसी का एक क्षेत्र जिला बांदा का तेंदुआरी है। उस की सरहद मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले से मिलती है। दो नदियां जमुना और केन के बीच का इलाका है। उन के बीच में वह एक टापू की तरह है। वहां गरीबी का बोल बाला है। जनता वहां परेशान है। बांदा में जमुना नदी के बारे में मैं अर्ज कर दूं, यह नदी ऐसी है कि इस का बहाव एक तरफ है। उससे जिधर आबादी है उधर कटाव हो रहा है। अगर उस कटाव को रोकने की कोशिश नहीं होती है तो चालीस पचास साल के बाद आज जहां आबादी वाले गांव हैं वहां जमुना और केन नदियां बहने लगेंगी। इसलिए इस कटाव को रोकने के लिये कोई उचित कदम जल्दी से जल्दी उठाए जायें ताकि आने वाली बरबादी से वहां के रहने वाले भाई बच सकें।

इसी तरह से इन नदियों के किनारे बहुत जमाने से लम्बे लम्बे टीले खड़े हो गए हैं जो छोटी छोटी पहाड़ियों की शक्ल में हैं लेकिन वह मिट्टी के हैं और बेकार पड़े हैं। वहां छोटी छोटी झाड़ियां उगती हैं। उन के डेवलपमेंट के लिए मैं निवेदन करूंगा कि बुलडोजर से बड़ी बड़ी तुर्कमान गेट की बिल्डिंग गिरायी जा सकती हैं तो क्यों न बुलडोजर से उन बड़े बड़े मिट्टी के टीलों को गिरा कर उन्हें बराबर और हमवार किया जाये। फिर उस जमीन को भूमिहीन खेतिहर मजदूरों और हरिजनों को दिया जाय जिन के पास कोई जमीन नहीं है ताकि उस से उन को राहत पहुंचे और वह जमीन जो बेकार पड़ी है उस का इस्तेमाल हो और देश की उन्नति हो।

स्माल मार्जिनल लैंडलेस लेबरर्स को क्रेडिट फैसिलिटीज दी गई हैं, यह बहुत अच्छी बात है और काबिले मुबारकबाद है। जब कोई हमारा भाई किसान बैंक में जाता है कर्ज लेने के लिये तो उस से बैंक वाले यह कहते है कि अपनी फोटो लाओ अपना गारंटर लाओ, तस्दीक करा कर लाओ। यह सुन कर वह छोटा गांव का किसान इतनी ज्यादा परेशानी महसूस करता है कि वह बैंक छोड़ कर भाग जाता है। बैंकों के कर्मचारियों में कोआपरेटिव स्प्रिट नहीं है। होता यह है कि सचमुच जो गरीब आदमी हैं उस को कोई राहत क्यों नहीं मिलती है और जो दूसरे लोग हैं उन को उस से फायदा मिल जाता है। तो गरीबों को राहत देने के लिये जो यह जो फोटो मांगते हैं और जो गारंटर मांगते हैं उस को खत्म कर देना चाहिये। इस की जगह यह होना चाहिये कि जैसे हमारे उत्तर प्रदेश में तकावी कर्ज मिलती है उस के लिये किसी फोटो की किसी गारंटर की जरूरत नहीं है किसी की सिफारिश की जरूरत नहीं है सिर्फ लेखपाल तसदीक कर देता है कि उसी पर तकावी मिल जाती है मैं चाहूंगा कि हमारे वित्त मंत्री जी यह जो परेशान करने वाला तरीका है उस को खत्म कर के तकावी सिस्टम कायम करें ताकि जो गरीब आदमी है उस को राहत मिल सके और वह कर्ज लेकर अपनी तरक्की का काम कर सके।

भूमि पर सीलिंग लगाई गई है। बड़े काश्तकारों पर सचमुच सीलिंग लगनी चाहिए इस में कोई दो राय नहीं हैं। लेकिन देहात के अलावा जो शहरी सम्पत्ति है क्या उस पर सीलिंग नहीं है। मैं चाहूंगा कि जो सरमाये[illegible]

[श्री मनोहर लाल]

तबका है उस की जायदाद पर भी सीलिंग होनी चाहिये क्योंकि सरमायेदारों की आमदनी पर बिना सीलिंग मुल्क की तरक्की नहीं हो सकती है ।

जहां बहुत अच्छा यह बजट आया है और इस से हमारे हिन्दुस्तान की खुशहाली नजर आ रही है वहां कुछ बातें मैं कहना चाहूंगा । मिट्टी का तेल है उस का इस्तेमाल शहर का गरीब देहात का आदमी जो झोंपड़ियों में रहता है वह भी करता है । वह कुप्पी में मिट्टी का तेल डाल कर चलाता है । बीड़ी और माचिस का इस्तेमाल छोटे मजदूर चाहे वह कारखाने में काम करने वाले हों या खेतों में काम करने वाले हों दोनों करते हैं। गरीब आदमी उस को इस्तेमाल करते हैं । कपड़ा धोने का साबुन छोटे बड़े सब इस्तेमाल करते हैं । इसलिये मैं चाहूंगा कि इन के ऊपर जो टैक्स है उसे वापस कर लिया जाय । इस से गरीब जनता को राहत मिलेगी ।

मिट्टी के तेल और माचिस के बारे में मैं एक अर्ज और कर दूं कि मिट्टी का तेल दूकानों से गायब हो गया है मिल नहीं रहा है । माचिस जो 12 पैसे की थी वह आज 20 पैसे की हो रही है । इस सिलसिले में उचित कार्यवाही करना जरूरी है हमारी जितनी भी अच्छी स्कीमें आती हैं या जो भी प्लानिंग होती है जो ट्रेडर्स हैं वे उस का नाजायज तरीके से फायदा उठाते हैं । वह चीजों को इस तरह से गायब कर देते हैं और होर्डिंग कर लेते हैं कि जिस से जो हमारी नेकनामी है वह बदनामी में बदल जाती है। मैं चाहता हूं कि इस सिलसिले में इफैक्टिव कदम उठाया जाये ।

इन शब्दों के साथ एक प्रार्थना फिर अपने वित्त मंत्री जी को मुबारकबाद देता हूं कि उन्होंने वह बजट पेश किया है कि जिस से आने वाले साल में हिन्दुस्तान के गरीबों को राहत की शकल झलक रही है ।

PROF. P. G. MAVALANKAR (Gandhinagar): Mr. Chairman Sir, I must say at the outset that this budget this year has been an extraordinary budget in more than one sense. It is extraordinary because it turns the faces of the urban people towards the rural people. In fact, it makes us conscious of the fact that India, ultimately, broadly, lives in villages. Mahatma Gandhi taught us that great lesson for a long time. But, it seems that over the last thirty years of urbanisation and industrialisation, people have forgotten that in a country like ours, the villagers, poor people, rural people, do exist on the map of India. I think for that Chaudhury Saheb needs to be very warmly congratulated.

As my friend Shri Badri Narayan Ji was just now telling me, there is a word in Kannada for village and it is called 'Halli'. It means a village. A slogan, for the first time, has thus taken place 'Delhi to Halli' meaning that we must go to the village from Delhi. Therefore, it is an admirable stance which the Government has given through Chaudhury Saheb which has to be accepted and welcomed. Therefore, I feel that it has certain excellent aspects. Let me now first deal with the same of excellent aspects and later on, in the remaining time, I shall deal with the critical aspects. Excellent aspects obviously are that our farmers' interests have been magnified, although I must give a word of caution here. I do not know how many farmers and which category of farmers will be looked after in this country. Because, in this country, millions of farmers are without lands; there are farmers without credit, farmers without any facility and farmers without any infrastructural or agricultural inputs (*Interruptions*) Therefore, I said that I must give a word of caution. The point, however, is that at least our farmers have been brought into the pitcure. The second good thing is that Government have emphasised on rural development. Agricultural development has also been emphasised. Mr. Chairman, I was wondering at one point of time whether the Janata Party colleagues were overdoing by their clappings when the Finance Minister was making his budget speech, I think everyone of them went on clapping whenever the words 'rural development' came without under standing what exactly he meant by that! I will not go over that kind of a situation. But the emphasis on agricultural development; rural development, is imporant. Coming as I do from Ahmedabad, it is an eternal shame on my part and on the part of every city resident—I am guilty to that extent because I am living in Ahmedabad—that there one out of every four is a slumdweller! There are slum areas in Ahmedabad which are intolerably hells for the people.

I must say how, for 30 years or so, we had tolerated this thing, namely, the people who were living in these areas. Therefore, I am glad, and I commend Chaudhury Saheb's emphasis on slum improvement schemes. It is applicable not only to Ahmedabad city but also to places like Calcutta, Delhi and Bombay and other big cities. Even the medium towns, small cities, have become a hell for the poor people because they have come over there with a hope of finding employment but they could not get it. Therefore, my point is that that emphasis is good. And, to that extent, it is an excellent part. I am glad, moreover, that the Finance Minister has now become conscious of the fact that the government expenditure has become more than a white elephant. I do not know how many white elephants are going to make what is called the governmental expenditure! The House will recall that I had given an amendment to the President's Address while thanking him for the Address. I pointed out in it that the Address fails to talk about or fails to refer to the problem of the increasing governmental expenditure. It seems that Parkinson's law has been let loose with a vengeance and everywhere and in every government department the expenditure has gone on increasing by leaps and bounds. In all these matters, the new committee must report effectively as to how to tackle this nature of a white elephant. They must work efficiently and economically; they must not only do the work expeditiously but as economically as possible. Only then their report will have an impact as some kind of a model for the governmental employees and the rest of the community.

जहां तक ऐम्प्लायमेंट देने का सवाल है मैं कहना चाहता हूं कि रेलवे विभाग ने कभी सुराही देने के लिये, कभी जनता खाना देने के लिए, कभी लाल गिलास की जगह हरा गिलास रखा है। लेकिन रेलवे विभाग ने व्यापार को इतना बड़ा धक्का पहुंचाया है कि अगर इस गहराई में जायें तो दुख होता है। इस बारे में दो चीजों का उदाहरण देता हूं। एक कोकिंग कौल का आयात और दूसरे सीमेंट का आयात। क्या हमारे देश में कोयले का भण्डार (Reserves) खत्म हो गया है? अगर नहीं तो क्या कोल इंडिया लिमिटेड असमर्थ है? हमारे क्षेत्र गिरिडीह में 10 साल से कोलियरीज बन्द हैं। 1975-76 में सर्वे हुआ, लेकिन उन्होंने कहा कि कोयले का दाम 150, 200 रु० प्रति टन ज्यादा पड़ेगा इसलिए उन कोलियरीज को नहीं चलाया जाना चाहिये। लेकिन आज 1,000 रु० ज्यादा खर्च कर के बाहर के देशों से वे कोकिंग कोयला आयात कर रहे हैं। आज खर्चे का ख्याल नहीं है। अगर वहां पर कोलियरीज चालू की जायें तो आपको बाहर से आयात नहीं करना पड़ेगा और जंगली तथा गरीब इलाके गिरिडीह के लोगों को खाने के लिए व्यवसाय मिलेगा। इसी तरह से सीमेंट के तीन कारखाने हमने अपने यहां देखे। हमने कहा आपका उत्पादन क्यों कम हुआ? तो उन्होंने कहा आज हमको गोदाम में सामान रखने की जगह नहीं है। पहले तो गाड़ी नहीं मिलती और स्टेट गवर्नमेंट ने कंट्रोल कर लिया है सीमेंट को, और जब गाड़ी मिलती है व्यापारियों को तो परमिट नहीं मिलता। इन दिक्कतों की वजह से सीमेंट का उत्पादन नहीं बढ़ रहा है। आज हमारे देश में लाइम स्टोन काफ़ी है लेकिन उसका इस्तेमाल न कर के बाहर से आयात करते हैं। एक तरफ बजट में कहते हैं कि लोगों को रोजी देंगे। लेकिन रोजी का साधन होते हुए उसका उपयोग नहीं किया जाता। आयात करने में बड़ा गौरव का अनुभव करते हैं। आज ही प्रश्नोत्तर काल में रेल मंत्री ने कहा कि हम तो बाहर से कोयला मंगा कर दे रहे हैं। लगता है बड़ा गौरव फ़ील करते हैं। लेकिन यह नहीं सोचते कि इस तरह से हमारे देश के भविष्य का क्या हाल होगा। अभी भी कोकिंग कोल भारत में इतना है कि अगले 25 साल तक अगर स्टील इण्डस्ट्री को कोकिंग कोल पूरी मात्रा में दिया जाय तब भी समाप्त होने वाला नहीं है। इसका बजट में कोई भी प्रावधान नहीं है और राष्ट्रीय उद्योगों को धक्का देने के लिए उस पर भी टैक्स लगाया गया है। ऐसा लगता है कि सरकार में कुछ ऐसे लोग हैं जो चाहते हैं कि राष्ट्रीय क्षेत्र के कारखानों को किस तरह से व्यक्तिवादी बनाया जाय। इसलिए उन्होंने ऐसा बजट रखा है। कुछ राहत दी जाती है किसानों को। ठीक है। जब हम किसान के उत्पादन और उद्योगों में पैदा होने वाले उत्पादन का लेखा जोखा करते हैं तो पाते हैं कि किसान को बहुत बड़ा धक्का लगा है। आखिर

**Not recorded.

[श्री राम दास सिंह]

किसान लोहे का सामान खरीदता है, पहनने के लिए कपड़े की जरूरत है, लेकिन हमारा कहना यह है कि फिर उसी के उपभोग की चीजों पर टैक्स लगा दिया गया है। इससे किसानों को भी राहत नहीं मिलेगी।

डीजल ट्रक वाली बात जो कही गई है, मैं कहना चाहता हूं कि आज से 1 साल पहले कोई उचित दाम पर भी डीजल ट्रक खरीदने के लिए तैयार नहीं था लेकिन आज 25 हजार रुपये अधिक दे कर भी ली-लैण्ड और मर्सीडीज का ट्रक नहीं मिल रहा है, इसका कारण क्या है ? आज माल को ढोने में इतनी दिक्कत हो रही है कि माल ढोने में रेलवे विभाग असमर्थ हो गया है। इसलिए डीजल की जरूरत थी, डीजल जैसी व्यावहारिक चीज जो रोजी-रोटी भी दे और साथ ही साथ एक भाग से दूसरे भाग में माल भी पहुंचाये।

आप कहते हैं कि कोयला नहीं है। हम आपसे कहते हैं कि कोल इंडिया लि० की पांचों जो कंपनी हैं, मैं स्वयं वहां गया हूं और 5 एम० पी० भी साथ गये हैं। मैं दावे के साथ कह सकता हूं कि 9 लाख मिलियन टन कोयला रेलवे यार्ड में पड़ा है। ई० सी० एल० में जब गये तो वहां सक्टोरिया में देखा है कि 1 लाख टन (coking) कोकिंग कोयला वहां से उठाया जा सकता है, लेकिन उठाया नहीं जा रहा है। उनके पास वैगन नहीं हैं। उसमें आग लगने का डर है और इधर आस्ट्रेलिया व रशिया से कोयला खरीदा जा रहा है। हमारी सरकार को बिजनेस की आदत पड़ गई है, तो यहां पर भी बिजनेस चाल है। इसलिए मैं कह रहा हूं कि एक तरफ रोजगार को मार रहे हैं और दूसरी तरफ रोजगार के लिये हम बजट बना रहे हैं। इन सारी बातों को देखने के बाद हमको एक चीज लगती है कि छोटे कारखाने और कुटीर उद्योग में गांवों में जो सामान बनता हो, उसको टोटल बैन कर दिया जाये कि बड़े कारखाने उस सामान को न बनायें। अगर टाटा साहब साबुन बनायेंगे तो क्या वह बड़े आदमी होंगे ? वह तो रेलवे के इंजन बना रहे हैं, बहुत बड़े-बड़े लोहे के कारखाने खोल रहे हैं। इसलिए मैंने पहले भी प्रस्ताव के रूप में रखा था कि जो छोटे, लघु और कुटीर उद्योग में बनाने के लिए सामान निर्धारित किये जायें, वह बड़े कारखानों में न बनने दिये जायें और उसके मार्केट का जिम्मा सरकार को लेना चाहिये, प्राइस और क्वालिटी दोनों का कंट्रोल करना चाहिये। लेकिन उन्होंने इसे नत्थी कर दिया है तो इसमें चोरी होगी। जैसे पहले चीनी का कोटा था, बड़े लोग उसे खाते थे और बेचारे हरिजनों को वह नाम के लिए दिया जाता था। अब हरिजन या गरीब जितने लोग हैं उसे खा सकते हैं। इस तरह की बातों को देख कर हमें इस मामले में सोचना चाहिये।

जहां तक खर्च और कंट्रोल की बात है उस बारे में इतना ही निवेदन करता हूं, यह सुझाव है कि गांधी जी के रास्ते सर्वांगीण विकास के लिए किस तरह से उद्योग को फैलाया जाये, उन्होंने एक दृष्टि दी है। लेकिन आज उनके मन में एक भावना है कि हम इनकम की डिस्पैरिटी को कम करेंगे, हम बेरोजगार को रोजगार देंगे और जो तमाम बड़े कारखानों के उत्पादन हैं, उनको छोटे कारखानों के उत्पादन के जरिये शुल्क में छूट दे कर कंपीटीटिव मार्केट में लायेंगे। यह तीनों मक्सद बहुत उत्तम हैं, लेकिन बजट के प्रावधान को देखने से ऐसा लगता है कि इसमें सफलता नहीं मिलेगी और इसके लिए बहुत कड़ाई करने की जरूरत है, जो कि सरकार में नहीं है।

मैं यह कहना चाहता हूं कि पूंजीपति और अफसर, इन्होंने मिल कर 30 बरस तक हिन्दुस्तान पर हुकूमत की है, जिस तरफ चाहते हैं देश की राजनीतिक और सामाजिक दिशाओं को अपने पक्ष में ले जाते हैं चाहे राजनीतिक पार्टी कोई भी हो। जब तक उन पर कंट्रोल नहीं किया जायेगा, जब तक उनकी पूंजी अपने नियंत्रण में नहीं रखी जायेगी, तब तक आप चाहें कि देश में सार्वजनिक रूप से उत्पादन बढ़ा लें, सब को सुखी बना लें, सब को रोजगार मिले, यह नहीं हो सकता है।

एक प्रस्ताव सदन में आया था, हमको दुःख है कि वह पास नहीं हुआ और जनमत के लिए भेजा गया—राइट टू वर्क, सब को काम दिया जाये। हमारे मित्र ने सही कहा कि एक व्यक्ति को एक काम करना चाहिये। आज सारे पदों पर बिजनेस में कृषि में, राजनीति में एक ही परिवार के लोग हैं।

अगर यह व्यवस्था की जाये कि इतनी जमीन रखने वाला नौकरी नहीं कर सकता है, नौकरी करने वाला जमीन नहीं रख सकता है और जमीन रखने वाला तथा नौकरी करने वाला बिजिनेस में नहीं आ सकता है, तो सब लोगों को रोजगार मिल सकेगा। लेकिन मैं महसूस करता हूं कि आज की नीति पर चल कर हम सर्वांगीण विकास नहीं कर सकते हैं। यह ठीक है कि पहली बार ग्रामों में व्यवसाय प्रारम्भ करने की रूपरेखा बनाई गई है, लेकिन कुछ दिनों बाद पता चलेगा कि इसमें कितनी सफलता मिलती है।

हम लोग दो बरस से इस आशा में थे कि कोई मास्टर प्लान बनाया जायेगा, जिसके द्वारा देश में एक नई डेवेलपमेंट होगी, लोगों को रोजगार का अधिकार मिलेगा, भूमि पर खेती करने वाले का कब्जा होगा और पूंजी पर जनता का कब्जा होगा। मुझे अफ़सोस है कि इस तरह का कोई भी प्लान आज तक हम लोगों के सामने नहीं आया है। यह तो राहत का कार्य है—मार दो और मरहम-पट्टी लगा दो, ग़रीबी ग़रीबी चिल्लाओ, ग़रीब गांव वालों को शहर वालों से लड़ाओ और मजदूर को लड़ाओ किसान से। इस तरह काम नहीं चलेगा। मैं आपके माध्यम से मंत्री महोदय से प्रार्थना करना चाहता हूं कि अगर राहत का कार्य करना है, तो कैरोसीन आयल, साबुन और स्कूटर वगैरह पर से टैक्स हटा दें।

आप जानते हैं कि पैट्रोल पर टैक्स की वृद्धि से क्या हालत हुई। दिल्ली और कलकत्ता आदि नगरों में

आना जाना बन्द हो गया । बाद में टैक्सियों का भाड़ा 25 प्रतिशत बढ़ाया गया । तो फिर पहले ही क्यों नहीं बढ़ा दिया ? इतना हंगामा और इतना नुक्सान करने की क्या जरूरत थी ?

SHRI D. AMAT (Sundergarh): Madam Chairman, at the outset I thank Chaudhuri Saheb for the budget he has presented and I rise to support the budget proposals. While speaking, I remember one of the warnings Mahatma Gandhi gave to the nation: If the village perishes, India will perish. Actually India does not live in cities like Bombay, Delhi, Calcutta or Madras. It lives in the 5,60,000 villages of India spreading along the length and breadth of the sub-continent, if I may say so, starting from the salubrious Shillong to the sand-baked Bikaner and the height of Kashmir to the beach of Kerala. Here 80 per cent of the people live. But out of the 80 per cent of people, I can say that 65 per cent of the people have less than 1 acre of land and 15 per cent got more than 1 acre but less than 2 acres of land. 65 plus 15 comes to 80 per cent. So, how do you call it a kulak budget? I cannot account for that. It would have been better if it had been styled as krishak budget instead of kulak budget.

During our 32 years of independence and 27 year of planning, our Government has spent to the tune of Rs. 1.02,801 crores of money. When this amount of money, bombarded Japan and divided Germany rose to prosperity. But what happened in the case of India? Our food policy has become 'beg, borrow and steal', which is abhorred by everybody. During the Congress regime from 1951 to 1975, we have imported about 106 million tonnes of food to feed our people. Its cost is about Rs. 5,000 crores. With that money, every village would have been provided with a drinking water well. But I am sorry to say that even after so many years of independence, we have not got even drinking water in 1.56 lakh of villages. Now, our Government is going to spend at least some amount for ruralisation. I know that 50 per cent of the nation's total income comes from agricultural sector but only 3 per cent was being spent on agriculture. Now it is a good and heartening thing to note that the present Government is going to spend at least 43 per cent of the total income for agricultural purposes.

17.00 hrs.

It is a very heartening thing that our Government has given some subsidy on manure, insecticides and pesticides. Unless we get some encouragement, we cannot do anything.

In this modern age, we want electricity for everything. If there is electricity, we can energise our pumpsets so that we will have three or four crops in a year.

If the Governments want to solve the problem of unemployment, they will have to create 35 lakhs of jobs every year with 24 lakhs quarters for them. In addition to this, 33,000 children are born everyday. If this thing goes on, it will upset our plan. So, family planning is a must.

Regarding ceiling, I am not aginst ceiling on land and property. But within the definition of property must come stocks, shares, bank balance, insurance, etc. because they are getting dividend and interest on them. Even high salary is also a property because they are giving income-tax on that as we are giving income-tax on agricultural income. So, while we have ceiling on the land, ceiling on property must include the bank balance, shares, bank deposits, insurances and even service.

In 1968, the Congress Party said that every family should be provided with job but they could not fulfil their promise.

Regarding reservation, 40 per cent of the posts should be reserved for Scheduled Castes and Scheduled Tri-

[Shri D. Amat]

bes. I will give a single instance. In Rourkela Steel Plant, there are 37602 employees. At the rate of 40 per cent, our number should have been 16,000 but even after 27 years of the existence of this Plant, our number is 6090 only. Everybody is showing lip sympathy to the Harijans and Adivasis and on paper everything is given to them but in practice, nothing is being done. I say that this reservation period should be extended. Unless we come at par with other people of India, we should be given reservation.

Regarding agriculture, I come from a jungle area. There, even today, people are living on roots, fruits and leaves of the jungle. They are ill-clad and half-fed and resort to jhum cultivation. I am glad that now 43 per cent of the income is to be spent on agriculture.

I do not know how people say that it is a kulak budget. It should have been styled as *krishak* budget because they form the majority of the population and they have no organisation, no union, no association. They are not at all educated; they are not vocal at all. A few minorities who are educated, vocal who have associations, unions, etc. can place their grievances in a better way. Swaraj will not come by mere acquisition of authority by a few but acquisition of capacity by all who resist authority when it is abused.

People say it a kulak budget because the kisans have no organisation, no association and no union to present their case. That is why they say it is a Kulak budget. The Kulaks are living in the rural areas and they cannot make *hulla-gulla*; that is why it is called a Kulak budget.

I would like to say only one thing to the Finance Minister. Kerosene and match box should not be taxed because they are commodities which are widely used in the jungle areas. So far as chocolate is concerned, this being the International Year for the Child, especially when the Finance Minister has been blessed with grand children, both chocolate and chewing gum should not be taxed.

SHRI T. BALAKRISHNIAH (Tirupathi): Madam Chairman, the Deputy Prime Minister and Finance Minister, while concluding his budget speech, stated as follows:

> "I have come to the end of my labours. I have attempted in this budget to put the maximum emphasis on agricultural and rural development and labour-intensive industries, because it is now accepted by all that only that way can we eradicate poverty and unemployment in the country."

But this statement has not been accepted by the hon. Members sitting on the opposite side, because they say this is not a rural-oriented budget.

I say that it is a budget directed against the common man and it is very much tilted towards the rural kulaks and feudal lords. It is not really a rural-oriented budget as claimed by the Deputy Prime Minister and Finance Minister. While formulating this budget, the poor people in both the rural and urban areas and also the lower middle class people have been ignored completely. A large percentage of the people of our country fall in the category of lower middle class, and the present budget hits hard the lower middle class. It is anti-people and pro-kulak. Therefore, hon. Members are justified in calling this budget an anti-people budget and, as my hon. friend, Shri Mukherjee and the lady Member on the other side said, this budget is not going to help the farmers, especially the poor farmers. By imposing duties on items like bidis, matches, kerosene, tooth-

paste, soaps, tooth brush, small electric items like bulbs, fans etc. and gas both the rural poor and the urban middle class people are hard hit. For example, chappals costing more than Rs. 5 have been taxed while no chappal would be available for less than Rs. 20 and even in the rural areas people need chappals. Similarly, a gas cylinder which used to cost Rs. 33 will now cost Rs. 40. Kerosene, which used to cost Rs. 150 per litre, will now cost Rs. 2; tooth paste, which used to cost Rs. 5 earlier, will now cost Rs. 7 and the price of tooth brush has gone up from Rs. 1.50 to Rs. 2. I leave it to the Finance Minister to calculate the increase in prices, instead of simply saying that it is only one per cent. Further, the budget has not spelt out any economic programme or developmental activity at all. The previous budgets, with all the progressive measures and developmental activities, had only deficits running into hundreds of crores. The relevant figures are:

1965-66 . .	Rs. 173 crores
1969-70 . .	Rs. 46 ,,
1970-74 . .	Rs. 440 ,,
1969-70 to 1973-74	Rs. 2,047 ,,
1974-75 . .	Rs. 126 ,,
1971-76 . .	Rs. 239 ,,

These are the figures that I have collected. This is what you said.

The Deputy Prime Minister and the Finance Minister lays much emphasis on Gandhian economics and stresses on the Gandhian path of austerity and simple living. I would like to know from the hon. Minister whether the country's economy is on the path of progress or on the path of retardation. Further you know that this country's economy is now decided by the Western powers because the Western powers may like to cripple our country's economy by pushing back our economy into the hands of the semi-feudal agricultural lords. This would not only retard the growth and development of the industries of our country, but would keep our country as a supplier of raw materials to the developed countries. In this process, all our resources, all our raw materials, will be transferred from a developing country to a developed country and we would be 200 years behind what other countries are today. Most of you who have studied the Economic History of Great Britain, know that Great Britain started this Agrarian Revolution and land reforms in the 16th century itself. Industrial Revolution started in the 18th century and this atomic revolution started in the 20th century. You know also very well how Great Britain reached the economic climax. But due to want of oil that supremacy has gone down. But where are we? We have not completed our agrarian revolution, we have not completed the Industrial Revolution, we have not completed even the atomic revolution. Even for atomic energy for peaceful purposes we wanted that the United States should supply enriched uranium. But this has been delayed. From this we can infer whether the Western powers are really interested in developing our economy in developing our technology and in developing our science. What is the attitude of these Western countries? Very recently, the Prime Minister of Russia addressed both Houses of Parliament and he told how in that socialist country agriculture was developed along with industry. There, industry along with agriculture is developed. In our own country what is happening is, the iron ore is exported to Japan and even from the Kudremukh iron ore is going to be exported to Gulf countries and in this way we are also going to export rice to Russia. How are we going to solve this unemployment problem without starting industries for producing finished products and distributing them within the country? If only we start industries along with the development of agriculture, we can develop our country's economy and solve the unemployment problem to a very great extent.

[Shri T. Bala Krishnan]

Turning to socio-economic development, since the Janata Party came to power, the developmental activity is nil. Why I say so is, there is no broad-based programme for the upliftment of poor and downtrodden people in the rural areas. The Harijans, the Girijans and the backward classes consist of 60 per cent. What is the Budget allotment for these people? The Budget allotment is very meagre. Our Deputy Prime Minister and Finance Minister has stated in his Budget speech:

> "Economic exploitation and social discrimination against scheduled castes and scheduled tribes will not cease unless programmes for their development are built upon a sound economic basis. Therefore, Central ministries and State Governments have been asked to incorporate a special component in their Plan for 1979-80 for these categories so that they may secure an adequate flow of benefits from the various sectoral programmes. The outlay on welfare programmes for scheduled castes and other backward classes will be Rs. 117 crores in 1979-80."

Our total revenue is Rs. 16,551 crores, and our total expenditure is Rs. 18,526 crores, but you are giving only Rs. 117 crores to these people. What is the percentage ? Even after rounding it to Rs. 120 crores, it comes to only 0.63 per cent. If you give 0.63 per cent of the Budget money for the welfare of the scheduled castes, scheduled tribes and backward classes who comprise 60 per cent of the total population of the country, can you really develop these people socially and economically? No programme or developmental activity has so far been spelt out for the development of the Harijans and the backward classes.

Our Prime Minister has said that he will eradicate unemployment within 10 years. Two years have already passed. Out of 100 million people, 20 million ought to have got employment by this time, but how many have secured employment actually so far? Is there any programme for solving this unemployment problem?

Family planning is being implemented mostly on the rural poor, particularly the Harijans and Girijans, by giving them a bait of Rs. 50 or Rs. 100, clothes, food etc., for getting themselves operated. If they are operated upon, our economy fails. Now we do not get labour at all for cultivation purposes. During the agricultural season, it is a problem to get labour. Why don't you implement it intensively, extensively and strictly on the urban people who are mainly responsible for the breakdown of our economy? You can implement it in the case of Government employees who claim more salary and more dearness allowance, and other people who are living in the cities and towns who are agitating for all sorts of facilities not on the poor people who are living in the villages and working hard to help the nation build up its economy.

श्री कंवर लाल गुप्त (दिल्ली सदर) : सभापति महोदय, मैं रूलिंग पार्टी का सदस्य हूं । मुझे सरकार की हर बात का अनुमोदन करना चाहिये । परन्तु मेरे दिमाग में एक डाइलमा है कई दिन से । जब से यह बजट आया है सरकार एक तरफ है और जनता दूसरी तरफ़ है जिसने मुझे चुना है । एक डाइलमा चल रहा है, मैं क्या करूं । कल 5, 6 घंटे मैंने लगाये, बजट की किताबों को देखा कि कुछ चीज निकल आये जिससे अपने भाषण में सरकार को भी कुछ डिफेंड कर पाऊं । 6 घण्टे लगाये, 5 घंटे इस चीज में कि इसमें कोई टीक चीज निकले और 1 घण्टा बाकी चीजों में । 6 घण्टे के परिश्रम के बाद मेरा यह विचार बना अगर इस बजट को दुबारा बेसिकली चेंज नहीं किया गया या इसके बारे में दुबारा सीरियस थिंकिंग नहीं की गई तो यह जनता पार्टी और सरकार के लिए एक डेडली ब्लो होगा । जो अच्छी बातें 5 घण्टे में ढूंढ कर निकलीं उनमें से एक चीज के लिये मैं चौधरी साहब की सराहना करता हूं । कमीशन बनाने की बात जो उन्होंने कही है, यह एक नावेल आइडिया है । यह कमीशन उन एक्ससेन्ज की जांच करेगा कि कहां पर खर्चा ज्यादा हुआ और पावर्टी कितनी कम हुई । इसी तरह उन्होंने एक कमेटी बनाने की बात कही है जो यह देखेंगे कि कौन-कौन सी इण्डस्ट्रीज लेबर ओरिएण्टेड हैं और उनमें क्या क्या सहायता देनी चाहिये :

टोम्बैको ग्रोअर्स को जो आज तक एक्साइज ड्यूटी लगती थी, उससे उनको छुटकारा भी दे दिया

है। यह तीन बातें तो मुझे अच्छी लगीं, जो कि मैंने 5, 6 घण्टे लगा कर इसमें देखा लेकिन बाकी कहानी तो कुछ दूसरी ही है। मैं यह नहीं मानता कि इससे रूरल के लोगों को फायदा होगा। मेरा कहना यह है कि चौधरी साहब ने रूरल फ्लेवर दिया है --

It is just a flavour; it is not a juice. It is not an orange juice; it is only an organe flavour. That is what he has given to the rural people. That flavour will go within a fortnight or within a month. Then, they will also start shouting like the urban people.

मैं बताता हूं कि किस तरह से। मेरे पास आंकड़े हैं। इतनी लम्बी चौड़ी लिस्ट है, मेरे ख्याल से कोई चीज ऐसी नहीं छोड़ी, जो उन्होंने अपने टैक्स के जाल में न ली हो। शायद यह अन-प्रीसीडेंटेड और अन-पैरेलल बजट पिछले 32 सालों में है जब कि ज्यादा से ज्यादा टैक्स लगाये गये हैं और डैफिसिट फाइनेन्सिंग हुआ है।

छटी योजना में जितना टैक्सेशन था, उसका 70 परसेंट आप पिछले 2 सालों में लगा चुके हैं और आगे के 3 सालों में क्या आप लगायेंगे, यह मैं पूछूं तो कोई गलत बात नहीं है। 70 और 75 परसेंट टैक्स इज आलरेडी ओवर, और कोई ऐसी चीज नहीं छोड़ी है जिस पर टैक्स न लगाया हो। उन्होंने अपने भाषण में कहा ग्लासेज पर लगाया, चाइना वेयर पर भी लगाया, नट-बोल्ट्स पर भी लगा दिया। इलैक्ट्रिक वायर, फैन और जो मकान बनाने के सामान हैं, उन पर भी लगाया। कोई कहते हैं कि चौधरी साहब गांव के रहने वाले हैं, गांव वालों को दिया है, लेकिन मेरी यह राय नहीं है।

मैं तो कहता हूं कि गांव को कुछ दिया ही नहीं है। केवल खुशबू ही दी है। मैं चाहता था कि कुछ गांव को देते। चौधरी साहब की दो स्पीचें हैं। निदान, डाइग्नोसिस बहुत अच्छा है।

I quite appreciate the diagnosis of our Finance Minister and the Deputy Prime Minister. The goal is also very good.

उन्होंने अपने भाषण में कहा है कि डिस्पैरिटी नहीं रहनी चाहिये, प्रोडक्शन इन्क्रीज होनी चाहिये, नान-प्रोडक्शन एक्सपैंडीचर नहीं होना चाहिये, अन-एम्पलायमेंट दूर होना चाहिये। यह बातें जहां गरीब हों, उनको ज्यादा पहुंचें। गांव में गरीब ज्यादा रहते हैं प्रपोर्शनेट्ली। इसलिए गांव में अगर फायदा पहुंचता है तो मुझे खुशी होगी, लेकिन मेरा कहना है कि न गांव में पहुंचाया है और न शहर में।

उप प्रधान मंत्री तथा वित्त मंत्री (श्री चरण सिंह) : कहां रह गया ?

श्री कंवर लाल गुप्त : अभी बताता हूं। टोटल आपने 665 करोड़ नहीं लगाये। इन दी रीयल सैंस, टोटल टैक्स जो आपने लगाया वह 950 करोड़ का लगाया है और उसमें मैं आपका ध्यान जो आपका बजट एट ए ग्लांस है, उसके पेज 4 की तरफ दिलाना चाहता हूं जिसमें जनरल सर्विसेज, डिफैन्स सर्विसेज, सोशल एण्ड कम्युनिटी सर्विसेज और इकानामिक सर्विसेज, ये चार सर्विसेज हैं जो चारों की चारों नान-प्रोडक्टिव हैं। मैं यह नहीं कहता कि उनकी यूटिलिटी नहीं है। लेकिन वे एम्पलायमेंट या प्रोडक्शन जेनीरेट नहीं करती हैं। इन चारों में पिछले साल से 900 करोड़ रुपये ज्यादा खर्च किये गये हैं। क्या मंत्री महोदय बता सकते हैं कि क्यों ? 900 करोड़ रुपया नान-प्रोडक्टिव कामों में खर्च कर दिया जाये, इसकी कोई तुक नहीं है। टैक्स ऐसी जगह लगाने चाहियें, जहां एम्पलायमेंट जेनीरेट हो, प्रोडक्शन हो—एग्रीकल्चर में, इण्डस्ट्री में। लेकिन ऐसा नहीं किया गया है।

मैंने टैक्सिज की भी केलकुलेशन की है। मेरे पास ये 20 आइटम्ज की लिस्ट है—इलैक्ट्रिक बैटरीज : 105 लाख, प्रैशर कुकर : 63 लाख, टूथ ब्रश : 20 लाख, लाक्स: 190 लाख, बोल्ट्स एण्ड नट्स : 225 लाख, प्रिज़र्व्ड फूड : 475 लाख, बिस्किट, बटर और चीज : 512 लाख, एरेटिड वाटर : 115 लाख, बीड़ी : 9 लाख रुपये। इसमें इलैक्ट्रिक फैन, डामेस्टिक एप्लायंसिज, चाकलेट, इलैक्ट्रिक स्टेपिग्ज, चाइनावेयर, प्लास्टिक, सोप, कास्मेटिक्स एण्ड टायलेट्स, कलर्ज एण्ड पेंट्स और कैरोसीन आयल भी है। ये सब एसेंशल आइटम्ज हैं, जिन्हें मिडल क्लास, लोअर मिडल क्लास और गरीब आदमी इस्तेमाल करते हैं। कुल मिला कर इन बीस आइटम्ज पर 91.78 करोड़ रुपये के नये टैक्स लगाये गये हैं। इसके मुकाबले में जो लग्जरी आइटम्ज हैं, जैसे टेप रिकार्डर, ग्रामोफ़ोन, एयर कण्डीशनर और रेफ्रिजरेटर वगैरह, उन पर कुल मिला कर सिर्फ 9.31 करोड़ रुपये के टैक्स लगाये गये हैं।

श्री चरण सिंह : क्या आपकी राय में इस में बढ़ाने की गुंजायश है ?

श्री कंवर लाल गुप्त : आप मुझ से क्यों कहलवाते हैं ? वह करें आप कीजिए। मेरा कहना यह है कि एक तरफ 9.31 करोड़ रुपये के टैक्स लगाये गये हैं और दूसरी तरफ 91.78 करोड़ रुपये के।

इसके अलावा काटन यार्न, इलैक्ट्रिक वायर्ज एण्ड केबल्ज और ग्लास पर भी टैक्स बढ़ा दिया गया है। कोई चीज ऐसी नहीं रह गई है, जिस पर टैक्स न बढ़ाया गया हो। एक महीने के बाद जब फ्लेवर निकल जायेगा, तो गांव के लोग भी इस बोझ को महसूस करेंगे। बीड़ी-सिगरेट गांव के लोग भी पीते हैं। कैरोसीन आयल गांव के लोग भी इस्तेमाल करते हैं। आखिर इलेक्ट्रिसिटी कितनी जगह है ?

[श्री कंवर लाल गुप्त]

डीजल और पेट्रोल पर टैक्स का असर पब्लिक ट्रांसपोर्ट पर भी पड़ेगा । पोस्टल रेट्स भी बढ़ा दिये गये हैं। आइटम 68 में भी टैक्स बढ़ाया गया है, जिसमें 1100, 1200 आइटम्ज हैं । जिन में गांवों और खेती के इस्तेमाल की बहुत सी चीजें शामिल हैं । इसके अलावा मकान बनाने के सामान पर भी टैक्स बढ़ा दिये गये हैं । कपड़े के दाम भी बढ़ेंगे । रूरल इलेक्ट्रिफिकेशन और ट्यूबवेल्ज पर भी इसका असर होगा ।

ये सब टैक्स बढ़ा कर आपने सिर्फ पांच रुपये फर्टलाइजर की बोरी पर कनसेशन दिया है । अगर कोई बीस या पचास बोरी इस्तेमाल करे, तो उसको 250 रुपये का कनसेशन मिला, जब कि साल में उसका खर्च कम से कम दुगना हो जायेगा । और यह कनसेशन भी किस को दिया गया है ? हिन्दुस्तान में सिर्फ 23 परसेंट लोगों के पास इरिगेटिड जमीन है । जो 350 लाख किसान हैं, जिनकी जमीन ढाई एकड़ से कम है, उनके लिए कुछ नहीं किया गया है । मेरा कहना है कि 80 परसेंट किसानों को मार्जनल लाभ भी नहीं होगा । और बाकी के 20 परसेंट को केवल मार्जनल लाभ होगा--अल्टीमेट्ली उनको भी लास होगा ।

जहां तक शहरों का सवाल है, आई एम वैरी सारी--मैं चौधरी साहब की बड़ी इज्जत करता हूं . . .

श्री चरण सिंह : मैं समझता था कि आप कहने जा रहे हैं कि "इज्जत करता था" । यह तो अच्छा हुआ कि आपने कहा है कि अब भी करते हैं ।

श्री कंवर लाल गुप्त: यह तो भारत की परम्परा है । हमारे मतभेद दस बातों पर हो सकते हैं । लेकिन यह तो कभी भी नहीं हो सकता है कि मैं आपकी इज्जत न करूं । मैं यह नहीं मानता हूं जो लोग यह कहते हैं कि जानबूझ कर के दिया, लेकिन यह जरूर कहूंगा कि जो फिक्स्ड इनकम ग्रुप है, इट इज किलिंग आन देम, इट इज मर्डरस एसाल्ट आन देम । और बाकी जो मिडिल क्लास और लोअर मिडिल क्लास है उस पर भी जबर्दस्त वार हुआ है । आप के पास शायद समय कम था इसलिए आप ने शायद देखा नहीं मैं नहीं कह सकता उसका क्या कारण है ।

I will be the last man to doubt the motive of such a senior leader of my party. But I certainly say that he must revise it.

जब तक उस में ड्रास्टिक चेंज नहीं होगा उस का कोई लाभ नहीं हो सकता । आप ने लाइट डीजल आयल पर कुछ दिया । मैं तो किसान नहीं हूं लेकिन हरयाने का रहने वाला हूं । लाइट डीजल आयल तो बहुत कम लोग इस्तेमाल करते हैं । लाइट डीजल का फायदा क्या है ? उस का कोई फायदा नहीं है । एक आपने कैपिटल गेन्स वापस कर दिया . . . (व्यवधान) . . . . मुझे पांच मिनट और दीजिए ।

सभापति महोदय : पांच मिनट नहीं मिल सकता । दो मिनट ज्यादा से ज्यादा ले लीजिए ।

श्री कंवर लाल गुप्त : उन के मंत्रालय के मंत्री या किसी ने यह कहा है कि सारी प्राइसेज के ऊपर 1 परसेंट असर पड़ेगा । दूसरे अफसर तो यहां तक गए कि आधा परसेंट ही पड़ेगा । मैं चौधरी साहब से कहूंगा कि जिस मंत्री या सिक्रेटरी ने यह कहा है, आप और मैं उन के घर चलें और उन की पत्नी से पूछ लें कि इस बजट का क्या इम्पैक्ट हुआ ?

I think you should go before them and I should also go before them. My own assessment is this. I have made a survey. I can give detailed list. The changes are very vital. The price of most of the items has gone up from 7-1/2 to 25 per cent.

तो जहां इतनी खतरनाक चीज हो वहां मेरा यह कहना है कि इस को आप रिवाइज कीजिए । इस पार्टी की जिम्मेदारी आप पर ज्यादा है, हमारे पर उतनी जिम्मेदारी नहीं है ।

कहां से पैसा आएगा यह सवाल बड़ा माकूल है । 14 हजार करोड़ रुपया आपने पब्लिक अण्डरटेकिंगस में लगाया हुआ है ।

श्री चरण सिंह : हमने तो नहीं लगाया है ।

श्री कंवर लाल गुप्त : खैर, लगा हुआ है । आखिर अब हमारा ही तो है । उस में 15 करोड़ रुपया सालाना आप नुकसान देते हैं । आप अगर उसमें 12 परसेंट नफा लगा लें, या 12 पसर्सेंट एकदम नहीं हो सकता, लेकिन क्या आप उसमें से तीन चार सौ करोड़ रुपया नहीं ले सकते ? आप क्या उस मशीनरी को टाइटेन नहीं कर सकते ? आप को तो टाइटेन करना आता है, आप को ऐडमिनिस्ट्रेशन करना आता है । तो उस को टाइटेन कर के तीन चार सौ करोड़ रुपया निकालिए । क्यों नहीं निकाला जा सकता ?

Are we expected to pay for the inefficieincy of those officers who are corrupt an dinefficient? People should not be taxed on that account.

एक मेरा कहना यह है कि जो कैपिटल गेन्स टैक्स है उस के बारे में भी आप सोचिए क्योंकि कैपिटल गेन्स आप ने विदड्रा कर लिया तो नतीजा क्या होगा कि वह सारे का सारा ब्लैक मनी में जायगा । 18 करोड़ इस में बताया है, मैं कहता हूं 18 करोड़ के बजाय आप को बहुत ज्यादा मिलेगा अगर आप इसको रखेंगे ।

एक चीज मैं और कहूंगा कि रेट आफ इंटरेस्ट जो है वह आप ने मैक्सिमम रेट बढ़ा दिया है । 1974 में यह 97 परसेंट से कुछ कम आया । उस समय सेल में करीब 274 करोड़ रुपया आया जो एस्टीमेटेड था । 76 में उस के बाद और कम किया। उस के बाद दो सौ करोड़ और ज्यादा आया जितना आपने एस्टीमेट किया था उस से । यह आप अपने अफसरों से पूछ लें अगर मैं गलती करता हूं । समय नहीं है इसलिए मैं आंकड़े नहीं देना चाहता हूं । मैं यह नहीं कहता कि आप बहुत ज्यादा करिये, लेकिन मैं कहूंगा कि 60 परसेंट मैक्सिमम रेट आप करिये ।

एक चीज मैं यह सजेस्ट करूंगा कि पर्टीकुलरली जो फिक्स्ड इनकम ग्रुप है उस का एक स्लैब अलग कीजिए बाकी लोगों से क्योंकि वह तो डिडक्ट ऐट सोर्स हो जाता है । वह कहीं बचा नहीं सकते, कहीं गड़बड़ नहीं कर सकते । तो उन के लिए स्लैब अलग होना चाहिए और वह कम होना चाहिये । नहीं तो ऐसा चक्कर पड़ेगा कि फिर महंगाई बढ़ेगी और 2 सौ करोड़ रुपया आप को भत्ते में देना पड़ेगा ।

मैं चौधरी साहब से कहूंगा कि आपने धनी किसानों को क्यों छोड़ा ? सेवन्थ फाइनेन्स कमीशन की रिपोर्ट में यह कहा गया है कि जो बड़े किसान हैं, काश्तकार हैं उनके ऊपर टैक्स का बोझा पांचवां हिस्सा रह गया है ।

We expect you to tax the big companies who can pay, we expect you to tax the rich, whether it is the rural rich or the urban rich and give it to the poor.

यह होना चाहिये था । मुझे एक श्लोक का अर्थ मालूम है जिसमें यह कहा गया है कि जब राजा टैक्स लगाता है तो ऐसा लगना चाहिए जैसे कि समुद्र से और नदी से भाप उठ रही है । यानी देने वाले को पता नहीं चलता । लेकिन जब राजा देता है तो ऐसा लगना चाहिये कि जैसे बारिश हो रही है । आपने नौ सौ करोड़ रुपया दिया और दो सौ करोड़ रुपया लिया । यह आपने बारिश की है । लेकिन मेरी समझ में नहीं आता कि आपने परफ्यूम आयल को क्यों छोड़ दिया ? इस का क्या कारण है ? मंत्री महोदय, तो परफ्यूम आयल का इस्तेमाल करते नहीं हैं, यह मुझे मालूम है । इसलिए मैं चाहूंगा कि मंत्री महोदय, इस पर ध्यान दें और ऐसा करें कि यह पार्टी आगे चले और हम सब उनके पीछे चलें ।

इन शब्दों के साथ मैं मंत्री महोदय से कहना चाहता हूं कि वे इस पर दुबारा विचार करें ।

श्री मोहिन्दर सिंह (करनाल) : मेडम चेअरमैन, मुझे ऐसा लग रहा है कि अभी जो चौधरी साहब ने अपने बजट में थोड़ी सी खुशबू ही मिलायी है और किसानों के नाम पर मिलायी है तभी इतना हल्ला-गुल्ला, शोर हाउस में और हाउस के बाहर भी हो रहा है । अगर चौधरी साहब गांव वालों के लिए जूस मिला देते तो न जाने क्या होता । मेडम इसका अन्दाजा लगाना मुश्किल है । मैं भी एक शहर का रहने वाला हूं । मैं समझता हूं कि थोड़े से समय में ही चौधरी साहब ने जो कोशिश की है, उसके लिए वे मुबारकबाद के मुस्तहिक हैं । उन्होंने कम से कम समय में वह काम किया है जो आज तक किसी फाइनेंस मिनिस्टर ने नहीं किया था । इसी कर के सारे देश का ध्यान उन लाखों, करोड़ों गरीब गांव वालों की तरफ खिचा है । चौधरी साहब ने गवर्नमेंट का ध्यान भी उनकी तरफ़ कराया है और इस पार्लियामेंट का ध्यान भी कराया है । 80 फीसदी लोग गांवों में बसते हैं । चौधरी साहब का अपनी बजट स्पीच में उनका नाम लेना ही, मैं समझत हूं कि गांव वालों के लिए बहुत बड़ी बात है । जब से यह बही-खाता चौधरी साहब को संभाला गया तब से ही उनके मेहरबान लोगों ने तैयारी कर ली थी कि किसी तरह से चौधरी साहब की टांग पकड़ कर खींची जाए . . .

SHRI KANWAR LAL GUPTA: On a point of order. Madam Chairman, Is it proper for the hon. Member to impute motive to anybody?

MR. CHAIRMAN: He has not said any thing like that. Please resume your seat.

SHRI MOHINDER SINGH: I have said nothing against you.

MR. CHAIRMAN: Please go ahead. You have limited time.

श्री मोहिन्दर सिंह : मेडम मैं अर्ज कर रहा था कि मुझे थोड़ी सी माफी मिलनी चाहिए । शायद मुझे इस हाउस के तौर तरीके नहीं आते । मैं पहली दफा इस हाउस को एड्रेस कर रहा हूं । मैं भी शहर का रहने वाला हूं । मेरे पास भी कोठी है, कार है । मेरे बच्चे भी कान्वेन्ट स्कूल में पढ़ते हैं । लेकिन जब मैं गांव वालों के बच्चों को देखता हूं तो उनमें से बदबू आती है । गांव वालों के बच्चे कान्वेन्ट स्कूलों में तो क्या गांव के स्कूलों में भी नहीं पढ़ पाते । चौधरी साहब ने थोड़े से समय में ही कोशिश की है । मैं समझता हूं कि उनकी इस कोशिश की आलोचना करने के बजाय उनकी तारीफ होनी चाहिए थी । बड़े बड़े ट्रैक्टरों की कीमतें घटाई नहीं गई हैं । इनको भी किसान इस्तेमाल करता है । पांच रुपये खाद के कट्टे के घटे हैं । लोग रेज जो गांव वालों को फायदा होगा उसको आप सोचें । एक बड़ी बात चौधरी साहब ने की है । बड़ी-बड़ी कम्पनियों के लिए, मोटे-मोटे अमीर आदमियों के लिए उन्होंने यह कहा है कि वे पैसा गांव की डिवेलपमेंट के लिए लगाएंगे तो उनको इनकम टैक्स में डिडक्शन मिलेगा । मैं समझता हूं कि यह एक नया विचार है और बड़े आदमियों, अमीर आदमियों को आगे आना चाहिए और अपने पैसे को गांवों के डिवैलपमैंट में लगाना चाहिये जिस पर उनको डिडक्शन भी मिलेगा और गांवों का भी भला होगा

[श्री मोहिन्द्र सिंह]

हैरानी की बात है कि गवर्नमैंट के खर्चे की बात कोई नहीं करता है । हमारे मंत्री विदेशों में जाते हैं । जो मंत्री बाहर जाते हैं उन में से एक-एक मंत्री पर 25—25 लाख रुपया खर्च किया गया है । सैर सपाटे के लिए यह किया गया है । क्या पच्चीस-पच्चीस लाख खर्च करके इस देश को पांच लाख का भी फायदा पहुंचा है ? किसान का नाम सुन कर तकलीफ होती है लेकिन आप देखें कि किसान का माल सामान बाहर चौराहे पर पड़ा होता है और खराब होता रहता है । करनाल में पिछले साल बाढ़ आई, सारी फसल तबाह हो गई, इस बार कुदरत की तरफ से ओले पड़े, गांव के गांव तबाह हो गए लेकिन किसी ने उनकी तरफ ध्यान नहीं दिया और पता नहीं लगाया कि उन गांव वालों की हालत क्या है । मैं कहूंगा कि कम्पलसरी बीमा होना चाहिये क्राप्स का । मेरा सुझाव है कि लैंड टैक्स के तौर पर थोड़ा सा पैसा ले कर ऐसी जब कुदरती मुसीबत आए किसान पर तो उनको कम्पेंसेट करने का कोई न कोई तरीका गवर्नमैंट को ढूंढना चाहिये ।

जितना हमारी सरकार एम्बसीस पर खर्च करती है । लाखों करोड़ों मैं समझता हूं कि यह हमारे गरीब मुल्क के लिए जरूरी नहीं है । वहां पर इतनी शान और आन बान से रहा जाए, लैविशली वहां पर खर्च किया जाए । उस में देश की शान नहीं । छोटे छोटे मुल्कों के अन्दर भी यही हाल हमारी एम्बैसीज का है । वहां पर बहुत अधिक बचत की जा सकती है और करनी चाहिये ।

सरकारी अफसर कारों का भी इस्तेमाल करते हैं, मर्सीलेसली करते हैं । निजी कार भी अगर किसी की होती है तो प्राइवेट कामों के लिए उसका इस्तेमाल न करके सरकारी कारों का किया जाता है । इससे पैट्रोल की खपत भी ज्यादा होती है । अपनी कार को हवा नहीं लगने देते हैं लेकिन सरकारी कार का खुल कर इस्तेमाल वे लोग करते हैं । प्राइवेट काम भी सरकारी कार में किया जाता है । इस तरह से करोड़ों का पैट्रोल खर्च होता है । इसको बचाया जाना चाहिये । इससे दो फायदे होंगे । एक तो गवर्नमेंट के खर्च में बचत होगी और दूसरे जो तेल बचेगा वह आप लोगों के काम आएगा, उनको मिलने लग जाएगा ।

मैं चौधरी साहब से यह भी अर्ज करना चाहता हूं कि हाई स्पीड डीजल किसान इस्तेमाल करता है ज्यादा तर और इस पर से टैक्स हटा लिया जाना चाहिये ।

यह जो नफरत पैदा की जा रही है और कहा जा रहा है कि फाइनेंस मिनिस्टर साहब शहरियों के खिलाफ हैं, इसको दूर किया जाना चाहिये । अगर गांव वालों की मदद कोई करता है तो इसका यह मतलब नहीं है कि वह शहर वालों के खिलाफ हो जाता है । अगर शहर वालों ने, अच्छी हालत वालों ने गांव वालों की तरफ ध्यान नहीं दिया, गरीबों की तरफ ध्यान नहीं दिया तो एक रेवोल्यूशन होगा जो गांवों से शुरू होगा और शहरों में जा कर खत्म होगा ।

यह कहा गया है कि इस पहले बजट में चौधरी साहब की तरफ से किसानों को बहुत कुछ नहीं दिया गया है । इस को मैं भी मानता हूं । लेकिन मैं आशा करता हूं कि आने वाले बजटों में और भी ज्यादा गांवों की तरफ वह ध्यान देंगे और इस बात की परवाह नहीं करेंगे कि जो लोग व्यापार करते हैं, ब्लैक मार्किटिंग करते है, इनकम टैक्स और सेल्स टैक्स की चोरी करते हैं, वे क्या कहते हैं और उनके दबाव में आ कर वह किसानों को नहीं भूलेंगे ।

इतना कह कर मैं इजाजत मांगूंगा ।

श्रीमती पार्वती देवी (लद्दाख) : मान्यवर, आपने बजट बहस के दौरान मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिये मैं आपकी शुक्रगुजार हूं ।

इस मौके पर मैं सरकार का ध्यान लद्दाख के आर्थिक विकास की ओर दिलाना चाहती हूं । लद्दाख हिमालय के सुदूर उत्तर में है और क्षेत्रफल के हिसाब से यह भारत का सबसे बड़ा जिला है । लेकिन इसके विपरीत लद्दाख की आर्थिक दशा उतनी ही पिछड़ी हालत में है ।

यह हमारे लिये फख्र की बात है कि आजादी के बाद हमारे देश ने हर क्षेत्र में काफ़ी तरक्की की है और आज भारत दुनिया के गिने चुने देशों में गिना जाता है । लेकिन योजनाओं के बावजूद हमारे देश में असंतुलन दूर नहीं हुआ है । हमारी राज्य सरकार जम्मू और कश्मीर की योजनायें इसका एक खास उदाहरण है । यही वजह है कि हाल ही में जम्मू में इतनी गड़बड़ी और अशांति फैली और आज लद्दाख इसी कारण राज्य का सब से पिछड़ा इलाका है । राज्य के अन्य क्षेत्रों से लद्दाख हर मामले में पिछड़ा है । यहां के लोगों का मुख्य धंधा कृषि है लेकिन सिंचाई के लिये पानी यहां की सबसे बड़ी कठिनाई है । राज्य सरकार ने इस कठिनाई को दूर करने की ओर बहुत कम ध्यान दिया है । लोग वर्षा कम होने पर केवल बर्फ पर निर्भर करते हैं । अकसर सर्दियों में बर्फ कम पड़ने के कारण साल में जो एक फसल होती है उसके लिये भी पानी की सख्त कमी पड़ती है । फसल अक्सर सूख जाती है और यदि हिम नदियों में पानी आया भी तो वह व्यर्थ में बह जाता है क्योंकि अधिकतर खेत नदी से ऊंचे स्थानों पर स्थित हैं । इसलिये मैं सरकार से प्रार्थना करती हूं कि इन नदियों के पानी को उपयोग में लाने के लिये पम्प आदि की तुरन्त व्यवस्था करें और सिंचाई के लिये नाले आदि साधनों में सुधार लाने पर खास ध्यान दें ।

लद्दाख का विशिष्ट व्यक्तित्व है । इसके आर्थिक विकास में अभी गति नहीं आयी है । संचार और आवागमन के साधनों में कुछ तरक्की हुई है, लेकिन हालत अभी भी नाजुक है । लोगों के जीवन स्तर में सुधार नहीं हुआ है । लोगों को औद्योगिक विकास की ओर यहां पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है आज सारा देश औद्योगिक विकास की ओर बढ़ रहा है । गांव-गांव में बिजली पहुंचाई जा रही है । लेकिन लद्दाख के लोगों को इन सुविधाओं से वंचित रखा गया

है। कुछ शहरों और गांवों को छोड़कर जहां पर कि नाम मात्र के लिये डीजल जेनरेटर द्वारा कुछ ही घंटों के लिये बिजली की व्यवस्था को छोड़कर सारा लद्दाख अभी अंधेरे में है। उन स्थानों में भी जहां कि यह नाम की सुविधा प्राप्त है, लोग इससे संतोष के बजाय परेशान हो रहे हैं। अकसर डीजल की कमी के कारण सर्दियों में बिजली नहीं आती। इसी कारण से सरकार ने सतोकना हाइड्रल प्रोजेक्ट के काम की शुरूआत तो कर दी है, लेकिन यह कोई नहीं जानता कि यह कब बनकर तैयार होगी। लद्दाख में औद्योगिक तरक्की और लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाने के लिए इस प्रोजेक्ट को तुरन्त पूरा करने की जरूरत है।

लद्दाख में ऊन, हथकरघा, औषधियां, फल उत्पादन आदि से संबंधित उद्योगों को लगाने की गुंजाइश है। सरकार को चाहिए कि इस प्रकार के उद्योगों की स्थापना करें जिससे लोगों की दशा में सुधार हो। इसके साथ-साथ लद्दाख में खनिज पदार्थों की संभावनाओं पर जो सर्वेक्षण हो रहे हैं, उनकी गति को और तेज किया जाये।

लद्दाख का द्वार देश तथा विदेशीय पर्यटकों के लिये खोल देने से वहां के कुछ लोगों की आर्थिक दशा में सुधार जरूर हुआ है, लेकिन इसके साथ-साथ लद्दाख जैसे शांत जगह में पिछले कुछ सालों में जो तबदीलियां आई हैं, उनसे वहां के सामाजिक जीवन पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ रहा है। लद्दाख के विशाल और प्राचीन बौद्ध मठ लद्दाख के ही नहीं, बल्कि सारे देश की अमूल्य सम्पत्ति हैं। पर्यटकों के लद्दाख में प्रवेश के बाद इन बौद्ध-गोम्पाओं को जो नुकसान हुआ है, इसकी पूर्ती कभी नहीं की जा सकती है। असंख्य प्राचीन मूर्तियां आदि न केवल लद्दाख से बल्कि देश से भी बाहर जा रही हैं। इसके अलावा लद्दाख देश की सीमा पर स्थित होने के कारण भारत की सीमा-सुरक्षा पर भी इसका प्रभाव पड़ सकता है। इसलिये लद्दाख की संस्कृति, धर्म तथा देश की सीमा की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मैं सरकार से प्रार्थना करती हूं कि लद्दाख में पर्यटकों के प्रवेश पर पुनः विचार किया जाये और अगर यह बात संभव नहीं हो, तो लद्दाख में पर्यटन को केन्द्र सरकार किसी निश्चित पद्धति पर चलाय।

मेरा आग्रह है कि लद्दाख की हर बस तथा हवाई अड्डों पर सुरक्षा की दृष्टि से कड़ी जांच का प्रबंध किया जाये और आने-जाने वाले वाहनों की जांच के लिये चैक पोस्टों का जगह-जगह इन्तजाम किया जाये जिससे लद्दाख की कोई भी चीज बाहर न जा सके। इसके अलावा मैं केन्द्रीय गृह-मंत्रालय से प्रार्थना करती हूं कि वह लद्दाख में पर्यटन के काम को अपने हाथों में ले ले।

लेह-मनाली सड़क, जिस पर कि लाखों रुपये खर्च किया जा चुका है, सिविल तथा सेना यातायात के लिये खोल दिया जाये।

वियतनाम के बारे में मैं भारत सरकार की नीति का समर्थन करती हूं। चीन अपनी सेनाएं वियतनाम से वापस बुलाने के लिये मजबूर हो गया है, किन्तु चीनी सेनाएं लाओस की सीमाओं का उल्लंघन कर रही हैं। दुनियां के सब शांति-प्रेमी देशों को सावधान रहने की जरूरत है। चीनी सेनाओं को तुरन्त बिना किसी शर्त वियतनाम से लौटना चाहिए।

1954 में श्री नेहरू ने तिब्बत को चीन का अंग मान लिया था, परन्तु तिब्बत चीन का स्थायी हिस्सा कभी नहीं रहा। चीन विशाल और तिब्बत लघु देश है, फिर भी तिब्बत अपना अलग अस्तित्व कायम रखने में सफल रहा है। इसलिये आवश्ययक है कि उसके निवासी अपने धर्म, संस्कृति और परम्पराओं को पालने में स्वतंत्र रहे।

हमारे विदेश मंत्री ने ठीक ही कहा है कि दलाई लामा तिब्बत, जायें या नहीं जायें, इसका निर्णय दलाई लामा को ही करना है। हमें तिब्बत की स्वायतता का समर्थन करना चाहिये। यह मानवीय अधिकारों का प्रश्न है।

श्रीमती चन्द्रावती (भिवानी) सभापति महोदय, मैं आपकी शुक्रगुजार हूं कि आपने मुझे समय दिया। दो तीन दिनों से बजट पर बहस हो रही है। अखबारों में इस बारे में जिस ढंग से हैडिंग आते हैं, उन्हें भी हम पढ़ते हैं। मैं तो यह कहती हूं कि पिछले तीस सालों में जिस तरह के बजट आते रहे हैं, यह बजट उनसे भिन्न हैं।

हमारे कुछ माननीय सदस्यों ने एक बात कही कि हिन्दुस्तान ईरान बन जायेगा। मैं तो चाहती हूं कि हिन्दुस्तान ईरान बने, लेकिन वह हमारे वित्त मंत्री की वजह से नहीं बनेगा, बल्कि वह उन लोगों की वजह से बनेगा, जो बिना कमाये खाते हैं, जो बिना कमाये करोड़पति हो गये हैं। आज इस देश का कमाऊ जाग गया है। इस लिए यहां ईरान बन जाये, तो अच्छा है, लेकिन ईरान उन लोगों की वजह से बनेगा, जो टैक्सों की चोरी करते हैं, जो यहां दिल्ली में बीस साल से बैठे हुए हैं। क्या उन्होंने कभी खेतों में काम किया है? उन्होंने वकालत की है, उनके कारखाने चल रहे हैं, और कुछ लोगों की चापलूसी कर के वे बैठे खा रहे हैं।

इस देश में कमाने वाले दो आदमी हैं—जो कारखाने में काम करते हैं या खेत में। घर में जब मां या बाप काम करके घर में आते हैं, तो कोई कहता है कि इसके लिए चाय बनाओ, कोई कहता है कि हाथ मुंह धोने के लिए तौलिया दो। लेकिन इस देश का जो किसान कमाता है, उसके लिए अगर बजट में पहली बार कुछ रियायतें दी गई हैं—और वे रियायतें भी बहुत थोड़ी हैं—तो बड़ा हो-हल्ला मच गया है।

श्री नाथू सिंह (दौसा) सभापति महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूं कि बजट पर चर्चा का समय बढ़ा दिया जाये, क्योंकि अभी और बहुत से सदस्यों को बोलना है।

श्रीमती चन्द्रावती: एक अखबार के कारेसपांडेंट से मेरी बात हुई। मैंने उनसे कहा कि आप वालों और

[श्रीमती चन्द्रावती]

सब्जी की महंगाई की बात करते हैं, लेकिन आपका जो बच्चा पब्लिक स्कूल में पढ़ता है, उसकी फ़ीस क्या है। उसने कहा कि 80 रुपये। अगर दो बच्चे हों तो 160 रुपये। यह तो सिर्फ फ़ीस है। उसका जेब खर्च, किताबें और कपड़े वगैरा अलग हैं। मैं एक किताब लाई हूं जिसको अप्पर क्लास और मिडल क्लास के बच्चे पढ़ते हैं। यह कामिक्स की किताब है चार पेज की और इसकी कीमत है साढ़े तीन रुपये।

MR. CHAIRMAN: Mrs. Chandravati, you may continue tomorrow. Be short because the Minister has to reply tomorrow.

17.59 hrs.

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on Friday, March 16, 1979/Phalguna 25, 1900 (Saka).

GMGIPND—M—4660 LS—